● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 274, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 20 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

पूर्व सीएम चन्नी को महिला आयोग ने किया तलब 5

आईपीएल नीलामी के पहले पंत के पोस्ट से मचा बवाल 6

औद्योगिक समृद्धि के आधार पर देश का नंबर वन राज्य बनेगा मध्यप्रदेश : डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक संसाधनों और संपदा से संपन्न राज्य है। प्रदेश की हर काल और युग में विशेष सांस्कृतिक पहचान रही है। आधुनिक काल में औद्योगिक समृद्धि के आधार पर देश का नंबर वन राज्य बनाने के संकल्प के साथ प्रदेश में रोजगारपरक उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति और कलात्मक धरोहर को संजोए रखते हुए जन-कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार कर प्रदेश में व्यापार, उद्योग और सेवा क्षेत्रों का वृहद विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे 43वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग स्थित है। यह नदियों का मायका है, जहां पावन नर्मदा और शिप्रा नदियां बहती हैं। प्रदेश वन्य-जीव से संपन्न एकमात्र टाइगर स्टेट, तेंदुआ स्टेट और चीता स्टेट राज्य है। प्रदेश में खनिज संपदा भी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है और यह एकमात्र हीरा उत्पादक राज्य है। इसके अलावा प्रदेश की सदियों से कला, संस्कृति और सभ्यता की विशेष पहचान रही है। इसका 5 हजार साल पुराना समृद्ध इतिहास रहा है और यह भगवान श्रीकृष्ण और भगवान श्रीराम की कर्मभूमि और तपोभूमि रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐतिहासिक काल से ही प्रदेश की व्यापार और व्यावसायिक समृद्धि की भी विशेष पहचान रही है। इसी क्रम में वर्तमान में मध्यप्रदेश सरकार संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और औद्योगिक केंद्रों में रोड-शो कर प्रदेश में उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित कर रहा है। प्रदेश में 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह को भी प्रोत्साहित किया जा रही है। प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ भारी उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश को सबसे तेज गति से बढ़ने वाला राज्य बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। मध्यप्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद को अगले 5 साल में दोगुना करने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि विकसित भारत की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तत्परता के परिणामस्वरुप मध्यप्रदेश औद्योगीकीकरण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की परिकल्पना से रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन के माध्यम से हर जिले में युवा उद्यमी आगे बढ़ रहे है। प्रमुख उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव विदेश यात्रा पर भी जाने वाले हैं। विकसित मध्यप्रदेश बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेले में मध्यप्रदेश मंडप का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने मध्यप्रदेश मंडप में लगे विभिन्न स्टॉल का अवलोकन भी किया और शिल्पकारों का मनोबल बढ़ाया। मंडप को 'विकसित भारत@2047' की थीम पर विकसित किया गया है, जिसमें प्रदेश की धरोहर के साथ स्टार्ट-अप्स और उद्यमों का कलात्मक प्रदर्शन किया गया है।

जी 20 में पीएम बोले-जंग से दुनिया में खाने का संकट

रियो डि जेनेरियो। ब्राजील की राजधानी रियो डि जेनेरियो में सोमवार को ल20 समिट के पहले दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्ल्ड लीडर्स से द्विपक्षीय मुलाकातें की। मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी, पुर्तगाल के पीएम लुइस मॉंटेनेग्रो, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो और नॉर्वे के पीएम जोनास गेर स्टोर से द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की।

समिट के दौरान पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी मिले और उनके बीच अनौपचारिक बातचीत भी हुई। पीएम मोदी ने जी20 समिट के पहले दो सेशन- भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता और सरकारों के कामकाज में सुधार पर सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जंग की वजह से दुनिया में खाने का संकट पैदा हुआ है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब देशों पर पड़ा है।

जी 20 समिट के पहले सेशन का मुद्दा 'भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता' था। पहले सेशन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने जी 20 के सफल आयोजन के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ब्राजील ने अपनी अध्यक्षता में नई दिल्ली समिट में लिए गए फैसलों को आगे बढ़ाया है।

भारत ने 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। हम 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दे रहे हैं। 55 करोड़ लोग फ्री हेल्थ बीमा का लाभ उठा रहे हैं।

किसानों को 20 बिलियन डॉलर (1,68 हजार करोड़ रुपए) दिए। भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा में योगदान दे रहा है। हाल में ही मलावी, जाम्बिया और जिम्बाब्वे में मदद पहुंचाई है। जी20 समिट के पहले दिन औपचारिक ग्रुप फोटो में कई बड़े लीडर्स नहीं नजर आए। अपना आखिरी जी 20 समिट अटेंड कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ग्रुप फोटो में नहीं थे। उनके अलावा कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी भी ग्रुप फोटो में गायब थे। अमेरिकी ऑफिशियल्स ने मामले में आयोजकों की गलती का हवाला दिया। इसके बाद ब्राजील की तरफ से भी माना गया कि बाइडेन, ट्रूडो और मेलोनी फोटोशूट के लिए लेट थे। वे दोबारा सभी नेताओं को साथ लाकर ग्रुप फोटो खिंचवाने की कोशिश करेंगे।

जी 20 समिट में परागवे के राष्ट्रपति बीमार, अस्पताल में भर्ती जी20 समिट में पहुंचे लैटिन अमेरिकी देश परागवे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना (46 साल) बीमार पड़ गए, जिसके बाद उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

सफलता अपने साथ चिंताएं भी लेकर आई है: शिवराज

नई दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में मिट्टी की खराब होती उर्वरता पर चिंता व्यक्त की। कृषि मंत्री ने कहा कि इससे देश की 30 प्रतिशत भूमि प्रभावित हो रही है। उन्होंने टिकाऊ खेती के लिए मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने की तत्काल जरूरत पर बल दिया। मिट्टी की गुणवत्ता पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भुखमरी को समाप्त करने, जलवायु कार्रवाई तथा भूमि पर जीवन से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने के लिए मृदा की गुणवत्ता में सुधार करना जरूरी है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा, हम हर साल 33 करोड़ से अधिक खाद्यान्नों का उत्पादन कर रहे हैं और 50 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का निर्यात कर रहे हैं, लेकिन, यह सफलता अपने साथ चिंताएं भी लेकर आई है, खासकर मिट्टी की गुणवत्ता के मामले में। चौहान ने बताया कि भारत की करीब 30 प्रतिशत भूमि की गुणवत्ता बढ़ती उर्वरक खपत, उर्वरकों के असंतुलित इस्तेमाल, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और गलत मृदा प्रबंधन के चलते बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

उन्होंने सरकार द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों को 22 करोड़ से अधिक मृदा गुणवत्ता कार्ड बांटे गए हैं और सूक्ष्म सिंचाई, जैविक व प्राकृतिक कृषि खेती को बढ़ावा दिया गया है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अधिक केंद्रित प्रयासों की आवश्यकता है, खासकर बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा और जलवायु परिवर्तन चुनौतियों को देखते हुए। चौहान ने कहा कि जल्द ही आधुनिक कृषि पर एक नया कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद रहे नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने ब्राजील तथा अर्जेंटीना जैसे दक्षिण अमेरिकी देशों में संरक्षित कृषि व जुताई रहित विधियों के सफल कार्यान्वयन के बावजूद भारत और दक्षिण एशिया में इन्हें बड़े पैमाने पर न अपनाए जाने पर निराशा जाहिर की।

पर्वतारोही मुस्कान को मिलेगी 4 लाख की प्रोत्साहन राशि

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अशोक नगर जिले की निवासी पर्वतारोही सुश्री मुस्कान रघुवंशी को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए 4 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने के निर्देश दिए हैं। सुश्री मुस्कान अशोक नगर जिले के ग्राम महाना के निवासी श्री रामकृष्ण रघुवंशी की बेटी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट कोंजिअस्को को कम उम्र में फतह कर विश्व रिकार्ड बनाने वाली मुस्कान के साहसिक कार्य के लिए बधाई देते हुए आगामी पर्वतारोहण कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं।

भाजपा सरकार में देश में हिंसा घटी: शाह

गांधीनगर। गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सरकार पिछले 10 सालों में जम्मू-कश्मीर, नॉर्थ-ईस्ट और नक्सल इलाकों में 70% तक हिंसा कम करने में सफल रही है। कई सालों से इन तीनों इलाकों को बहुत अशांत माना जाता था, लेकिन पिछले 10 सालों की तुलना करने पर पता चलता है कि हमने उल्लेखनीय सुधार किया है।

वे गुजरात के गांधीनगर में 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने इंटर्नल सिक्योरिटी और क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बड़े बदलाव किए हैं। ये कड़ी मेहनत और बेहतर कॉर्डिनेशन मांगते हैं। आने वाले 10 साल भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम को दुनिया में सबसे ज्यादा मॉडर्न, साइंटिफिक और तेज बनाने का समय है।

3 नए कानून: तीन नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद एफआईआर दर्ज होने की तारीख से तीन साल के भीतर लोगों को सुप्रीम कोर्ट स्तर से न्याय मिल सकेगा। नए कानूनों में टेक्नोलॉजी के सभी सिस्टम शामिल किए गए हैं। सुनिश्चित किया गया है कि टेक्नोलॉजी चाहे जितनी भी बदल जाए कानून में बदलाव करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

न्याय व्यवस्था: गृह मंत्रालय ने तीनों कानून लागू करने से पहले व्यापक तैयारी की थी। हमने कोर्ट, प्रॉसिक्यूशन (वादी पक्ष), पुलिस और जेल को जोड़ने की व्यवस्था की। एक तरह से अपराध से लेकर न्याय मिलने और जेल तक सभी कड़ियों को जोड़ने का काम किया।

इसके बाद मोदी सरकार ने कानून लागू किए। सरकार ने सुनिश्चित किया कि नागरिक सुरक्षा इनके केंद्र में रहे और लोग संवैधानिक अधिकारों का फायदा उठा सकें।

हमने 60 अलग-अलग प्रावधानों में कोर्ट, प्रॉसिक्यूशन और पुलिस को टाइमलाइन के भीतर काम पूरा करने के लिए बाध्य करके न्याय व्यवस्था में गति लाने की कोशिश की है।

अर्थव्यवस्था: भारत 10 सालों में 11वीं से दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश टेक्नोलॉजी, सिक्योरिटी, शिक्षा, रिसर्च और डेवलपमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, बिजनेस जैसे सभी क्षेत्रों में दुनिया को लीड करने के लिए आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि जब आप आगे बढ़ते हैं तो किसी की जगह लेते हैं, इससे टकराव पैदा होता है। आपको टकराव का एनालिसिस करने के बाद आगे बढ़ना होगा।

दिल्ली-एनसीआर पर छाई स्मॉग की मोटी चादर

नई दिल्ली। राजधानी को गैस चैंबर से निकालने के लिए दिल्ली सरकार ने कृत्रिम बारिश करवाने की योजना बनाई है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने केंद्र से संपर्क किया है। केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह को भेजे गए पत्र में दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा है कि मौजूदा समय में दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में स्मॉग की मोटी चादर छाई हुई है। इससे लोगों का दम घुट रहा है। इसको हटाने के लिए कृत्रिम वर्षा करवानी पड़ेगी। इसके लिए केंद्र को आवश्यक कदम उठाना पड़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री से दखल देने की मांग की है। गोपाल राय ने बताया कि उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान हो या फिर बिहार ही क्यों न हो, आज पूरा उत्तर भारत प्रदूषण की मार झेल रहा है। आसमान पर स्मॉग की एक चादर फैली हुई है।

यूक्रेन ने रूस पर दागी छह अमेरिकी मिसाइल

मॉस्को। आज रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को एक हजार दिन पूरे हो गए हैं। इस बीच एपी की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी सेना ने दावा किया है कि यूक्रेन ने रात को रूस के ब्रांस्क क्षेत्र पर छह अमेरिकी एटीएसीएमएस मिसाइलें दागी हैं। हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने यूक्रेन को लंबी दूरी की सुपरसोनिक मिसाइलों यानी कि टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम के रूस के अंदर हमले के लिए इस्तेमाल की मंजूरी दे दी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूक्रेन ने पहले भी एटीएसीएमएस का इस्तेमाल किया था, लेकिन ये इस्तेमाल सीमावर्ती इलाकों तक सीमित था।

रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पुतिन के करीबी दिमत्री मेदवेदेव ने यूक्रेन को मिसाइल दागने की अनुमति देने के अमेरिका के फैसले की निंदा की। दिमत्री ने तीसरे विश्व युद्ध की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि रूस के खिलाफ दागी गईं मिसाइलों को हमला माना जाएगा। इसके जवाब में रूस यूक्रेन और नाटो के ठिकानों पर कार्रवाई कर सकता है। इसका मतलब है तीसरे विश्व युद्ध का समय आ गया है। यह जमीन से जमीन पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है, जो 300 किलोमीटर दूर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। लंबी दूरी तक मार करने की वजह से ही यह मिसाइल यूक्रेन के लिए गेमचेंजर साबित हो सकती है। रूस सरकार ने अमेरिका के इस फैसले के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए अपने बयान में कहा था कि यह स्वभाविक है कि अमेरिकी निवर्तमान सरकार युद्ध को भड़काना चाहती है। रूस सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने सितंबर में ही साफ कर दिया था कि रूस के खिलाफ मिसाइलों के इस्तेमाल का मतलब रूस और नाटो का युद्ध होगा। यूक्रेन के लंबी दूरी की मिसाइलों के इस्तेमाल का मतलब होगा कि अमेरिका इस युद्ध में सीधे तौर पर शामिल हो गया है। इसके बाद हम भी जरूरी और कड़े कदम उठाएंगे। वहीं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को एक अहम फैसले के तहत संशोधित परमाणु नीति पर हस्ताक्षर किए हैं। पुतिन द्वारा संशोधित परमाणु नीति पर हस्ताक्षर के कदम को भी बाइडन के फैसले का ही जवाब माना जा रहा है।

असम के करीमगंज जिले का बदला गया नाम, अब श्रीभूमि होगी नई पहचान

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक की। कैबिनेट बैठक में बराक घाटी के करीमगंज जिले का नाम बदलने का प्रस्ताव पास कर दिया गया। इस जिले को अब श्रीभूमि के नाम से जाना जाएगा। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर बताया कि, 100 साल पहले कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर ने असम में आधुनिक करीमगंज जिले को %श्रीभूमि% मां लक्ष्मी की भूमि के रूप में वर्णित किया था। आज असम कैबिनेट ने लंबे समय से चली आ रही इस मांग को पूरा कर दिया है। सरमा ने कहा कि करीमगंज का नाम बदलने का कदम जिले के लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम उन नामों को बदलना जारी रखेंगे जिनका कोई शब्दकोश संदर्भ या कोई अन्य ऐतिहासिक साक्ष्य नहीं है। हम लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं और यह एक सतत प्रक्रिया है।

ग्रामीण विकास उत्सव, उत्पादों और कारीगरों के प्रोत्साहन का प्रभावी मंच: राज्यपाल

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि ग्रामीण विकास उत्सव, देश भर के कारीगरों और प्रसिद्ध उत्पादों के प्रोत्साहन का प्रभावी मंच है। ऐसे आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। राज्यपाल श्री पटेल नाबार्ड द्वारा भोपाल हॉट बाजार में आयोजित ग्रामीण विकास उत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 19 से 27 नवम्बर तक आयोजित हो रहे ग्रामीण विकास उत्सव का फीता काटकर शुभारंभ किया। राज्यपाल श्री पटेल ने विगत 6 वर्षों से देशभर के कारीगरों के प्रोत्साहन के लिए उत्सव का आयोजन करने पर नाबार्ड को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नाबार्ड ऐसे आयोजनों का व्यापक और सघन स्तर पर प्रचार-प्रसार करें। राज्यपाल श्री पटेल ने स्थानीय मीडिया से भी अपील की कि देश के कारीगरों के उत्पादों के प्रचार-प्रसार में भरपूर सहयोग करें। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि नाबार्ड, सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम, आजीविका एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम और गैर कृषि उत्पादक संगठन बनवाने जैसे विकास के महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। कृषि, कुटीर, ग्रामीण एवं लघु उद्योगों हस्तशिल्प के विकास परक कार्यों के द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती और समृद्धि में प्रभावी योगदान दे रहा है।

बीवीए का विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप

मुंबई। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को पालघर में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, बहुजन विकास अघाड़ी ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगाया। दावा किया गया कि नालासोपारा में उन्होंने लोगों को प्रलोभन देने के लिए पैसे बांटे। हालांकि, भाजपा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ठाकुर का दावा प्रचार का हथकंडा मात्र है और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) हार की ओर अग्रसर होने के कारण ये आरोप लगा रही है।

कल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाते हुए बहुजन विकास अघाड़ी के नेता हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि, यहां चुनाव आयुक्त ने पैसों से भरा एक बैग और डायरियां बरामद की हैं। इसमें नामों की एक सूची है, जिसमें बताया गया है कि किसको कितना पैसा दिया गया है। एक भाजपा नेता ने मुझे बताया कि 5 करोड़ रुपये लाए गए हैं। कलेक्टर ने मुझे बताया है कि मुझे प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की भी अनुमति नहीं है। मुझ पर बहुत दबाव है।

महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी किरण कुलकर्णी ने बताया, नालासोपारा में सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। आचार संहिता के अनुपालन के लिए गठित चुनाव मशीनरी का उड़न दस्ता भी मौके पर पहुंचा। उड़न दस्ते ने परिसर का जायजा लिया और कुछ जब्ती भी की। संबंधित अधिनियमों के तहत एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। सब कुछ नियंत्रण में है। जो कोई भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ कानून और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

पालघर के नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को एक होटल के बाहर बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। होटल के अंदर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े की बैठक चल रही थी। बहुजन विकास अघाड़ी के विधायक क्षितिज हितेंद्र ठाकुर और उनके कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया।

बीवीए नेता हितेंद्र ठाकुर ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद तावड़े ने पालघर जिले के एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं को पैसे बांटे। तावड़े और बीवीए नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच टकराव का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। पत्रकारों से बात करते हुए ठाकुर ने दावा किया कि कुछ भाजपा नेताओं ने बताया कि भाजपा महासचिव विनोद तावड़े मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए 5 करोड़ रुपये बांटने विरार आ रहे हैं। मुझे लगा कि उनके जैसा राष्ट्रीय नेता इतना छोटा काम नहीं करेगा। फिर मैंने उन्हें यहां देखा। मैं चुनाव आयोग से उनके और भाजपा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करता हूं। बीवीए विधायक ने आरोप लगाया कि जिस होटल में तावड़े ठहरे थे, उसकी सीसीटीवी रिकॉर्डिंग बंद कर दी गई थी। होटल प्रशासन तावड़े और भाजपा के साथ मिलीभगत करता दिख रहा है। हमारे कहने के बाद ही उन्होंने सीसीटीवी चालू किया। तावड़े मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे बांट रहे थे। इस बीच खबर आई कि तावड़े और ठाकुर एक साथ बैठकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले हैं।

झखरावल मे अतिक्रमणकारियों से मुक्त करायी 500 एकड़ शासकीय भूमि

तहसीलदार एवं थाना प्रभारी की मौजूदगी में हुई कार्यवाही

सिंगरौली। देवसर तहसील के झखरावल गाँव में आम निस्तार एवं मवेशियों के चारा के लिए उपयोग की जा रही शासकीय भूमि में अतिक्रमण करने वालों पर प्रशासन का चाबुक चला है। सेमरा नदी के आस - पास स्थित करीब 500 एकड शासकीय भूमि मंगलवार को अतिक्रमण कारियों से मुक्त करा ली गयी है। मंगलवार को तहसीलदार एवं थाना प्रभारी जियावन के मौजूदगी में शासकीय भूमि पर बने मकान, दुकान एवं फसल को नष्ट कर दिया गया। कार्यवाई के दौरान पूरे समय तक तहसीदार एवं थाना प्रभारी मौके पर मौजूद रहे । दोनों अधिकारियों ने बहुत ही अच्छे व्यवस्था के साथ शांति पूर्ण तरीके से कार्यवाही को अंजाम तक पहुंचाया। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस अमला मौजूद रहा। दोपहर करीब 12 बजे से शुरु हुई कार्यवाही बिना किसी व्यवधान के शाम करीब पांच बजे तक चली। जेसीबी एवं टैक्टर के मदद से दुकानों एवं फसल को नष्ट किया गया।

उल्लेखनीय है कि झखरावल एवं गौरवा के बीच से गुजरने वाली सेमरा नदी के दोनों किनारों पर हजारों एकड़ शासकीय भूमि है। जिस पर अतिक्रमण कारियों ने जबरन कब्जा कर लिया था। शासकीय भूमि पर कई स्थान पर मकान एवं दुकाने बना ली गयी थी। वहां पर अतिक्रमणकारी खेती करने लगे थे। धीरे - धीरे उनका हौसला बढ़ता गया और वे शासकीय भूमि पर खेती करने के साथ ही उसे कटीले तारों से बंद कर अपने कब्जे में कर लिया। यहीं नहीं वहां आम लोगों को चलना मुश्किल हो गया। अतिक्रमणकारी गिरोह बनाकर आम लोगों में धमकाते एवं मारपीट करने की धमकी देने लगे। अतिक्रमण कारियों से मनमानी से परेशान गौरवा एवं झखरावल के आम लोगों ने इस शासकीय जमीन को मुक्त करने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई। कई बार तहसील एवं एसडीएम कार्यालय देवसर में आवेदन दिया गया। सीएम हेल्पलाइन में भी सैकड़ों लोगों ने शिकायत किया तब जाकर प्रशासन की नदी खुली और कार्यवाही की तैयारी बनाई गई।

कई बार नोटिस जारी की गयी

तहसील कार्यालय देवसर से अतिक्रमण कारियों को कई बार नोटिस जारी की गयी और उन्हें शासकीय भूमि को खाली करने के निर्देश दिये गये इसके बाद भी अतिक्रमण कारियों से जबरन कब्जा किये रहा यहाँ तक की शिकायत कार्ताओं को धमकी भी मिलती रही लेकिन शासकीय भूमि को खाली नहीं किया। जिसके बाद प्रशासन की ओर से कुछ दिनों पहले एक बार फिर नोटिस जारी कर भूमि को खाली करने के निर्देश दिये गये लेकिन इसके बाद भी अतिक्रमण कारियों से जब भूमि को खाली नहीं किया तो मजबूरन प्रशासन को जेसीबी की मदद से कार्यवाही करने पड़ीं कार्यवाही के दौरान तहसीलदार थाना प्रभारी पटवारी , सचिव सहित बडी संख्या में आम लोग भी मौजूद रहे।

कलेक्टर की जन सुनवाई में बुजुर्ग दिव्यांग दीनदयाल को मिला श्रवण यंत्र तथा व्हील चेयर

सिंगरौली

कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के गरिमामय उपस्थिति में कलेक्ट्रेट कार्यालय में जन सुनवाई चल रही थी। तथा कलेक्टर के द्वारा जनसुनवाई में आएं हुयें व्यक्तियों के समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्रों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुयें उपस्थित अधिकारियों से निराकरण कराया जा रहा था। इसी दौरान दिव्यांग दीनदयाल शाह पिता हरिकेश्वर शाह ग्राम अमिलिया उम्र लगभग 75 वर्ष जो न तो सुन पा रहे थे और नही चल प रहे थे। वे अपना आवेदन लेकर जन सुनवाई में पहुचे। कलेक्टर जब जनसुनवाई करने के पश्चात अपने चेम्बर में जाने लगे तो उनकी नजर बुजुर्ग दिव्यांग पर पड़ी कलेक्टर दिव्यांग बुजुर्ग के पास पहुचकर उनके यहा आने का करण जाना। तब बुजुर्ग ने अपनी समस्या से अवगत कराते हुये कलेक्टर से कहा कि मुझे न तो सुनाई देता है और नाही मै चल फिर सकता हू। बुजुर्ग की समस्या से अवगत होने के पश्चात कलेक्टर ने तत्काल एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा को निर्देश दिये कि बुजुर्ग को व्हील चेयर तथा श्रवण यंत्र तत्काल उपलंब्ध कराय जायें ताकि बुजुर्ग की समस्या का समाधान हो सके।

कलेक्टर से निर्देश मिलते ही एसडीएम सिंगरौली के द्वारा तत्काल व्हील चेयर एवं श्रवण यंत्र की व्यवस्था की गई। बुजुर्ग दीनदयाल को कलेक्टर श्री शुक्ला के द्वारा अपने कर कमलो से व्हील चेयर तथा श्रवण यंत्र उपलंब्ध कराया गया। बुजुर्ग को जैसे ही श्रवण यंत्र तथा व्हील चेयर मिला बुजुर्ग के चेहरे में मुस्कान आ गई। बुजुर्ग ने कलेक्टर को खुशी खुशी धन्यवाद ज्ञापित किया।कलेक्टर ने बुजुर्ग को उसके घर तक पहुचने की भी व्यवस्था की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई की व्यवस्था बदहाल

सिंगरौली। जिले के सरई तहसील अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरई की व्यवस्था चौपट हो गई है जिसके अंतर्गत अस्पताल में लगे हुए पंखे नाम मात्र के हैं जो बंद पड़े हुए हैं ऐसी भी शो पीस बनी हुई है जो कभी चालू नहीं होती है जो कई दिनों से खराब चल रहा है या साफ सफाई शून्य मात्र ही है।

एक तरफ सरकार जहां मरीजों की व्यवस्था के लिए लाखों करोड़ रुपए खर्च कर रही है वहीं सरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रबंधन के लापरवाही के वजह से वह लाभ मरीजों तक नहीं पहुंच पा रहा है अस्पताल के आसपास चारों ओर कचरो का अंबार लगा हुआ है जो बीमारियों को आमंत्रण दे रहा है।

कलेक्टर ने की 106 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई

सिंगरौली

कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागर में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आए 106 आवेदको के द्वारा अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराते हुये अपना आवेदन दिया गया।कलेक्टर के द्वारा सभी आवेदको से उनकी समस्याओं को सुनने के पश्चत जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से कई आवेदको की समस्याओं का त्वारित निराकरण कराया गया। साथ ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हो सका संबंधित विभागीय अधिकारियो की ओर भेजते हुये निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी आवेदको से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराये। साथ निर्देश दिये जन सुनवाई में प्राप्त आवेदनो का गंभीरता के साथ विभागीय अधिकारी निराकरण करे नही तो संबंधितो के विरूद्ध कार्यवाही किया जायेगा। वही जिलें के सभी ग्राम पंचायतों में भी पंचायत स्तर के अधिकारियो कर्मचारियों के द्वारा जनसुनवाई आयोजित कर नागरिकों के समस्याओं का समाधान किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर अरविंद झा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मायाराम महाविद्यालय के दो छात्रो का हुआ राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयन

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का रीवा में हुआ समापन

सिंगरौली

संभाग स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का समापन शासकीय टीआरएस महा विद्यालय रीवा में हुआ ,जिसमें सिंगरौली -सीधी जिले की टीम उप विजेता रही। मायाराम महाविद्यालय के दो छात्र सुशन सिंह बैस और नीरज कुमार यादव का चयन राज्य स्तरीय एवं अंतर विश्वविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु किया गया।महाविद्यालय के डायरेक्टर एवं जिला बालीवाल संघ के अध्यक्ष बद्री नारायण बैस ने दोनों छात्रों के चयन पर टीम मैनेजर,कोच एवं छात्रों को बधाई दी और भावी प्रतियोगिताओं हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महाविद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की एवं समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं दी।

एनटीपीसी विंध्याचल में सांप्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गतशपथ समारोह का किया गया आयोजन

सिंगरौली। एनटीपीसी केन्द्रीय कार्यालय तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में दिनांक 19 नवम्बर 2024 से 25 नवम्बर 2024 तक सांप्रदायिक सदभाव अभियान सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 19.11.2024 को प्रात: 09.30 बजे से परियोजना के प्रशासनिक भवन में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीव कुमार साहा, महाप्रबंधक (आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस) एजे राजकुमार, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अन्य विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) सत्य फणि कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदीद्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों,कर्मचारियों एवं यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीयोंको सांप्रदायिक सदभाव की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कौमी हिंसा मे निराश्रित हुये बच्चों की सहायता हेतु उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी स्वेच्छा से दिल खोलकर धनराशि नेशनल फाउंडेशन कम्यूनल हारमोनी के अकाउंट में दान किया गया। एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा इस पुनीत कार्य हेतु दान पेटी एवं बार कोड की भी व्यवस्था की गई थी।

सरकारी जमीन पर कब्जा, कलेक्टर से हुई शिकायत, मामला कचनी का

सिंगरौली। नगर पालिका निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 28 कचनी में अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने जनसुनवाई में पहुंच सरकारी निस्तार जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला से की है। जहां कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को भौतिक परीक्षण करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए हैं।

मंगलवार जनसुनवाई में कचनी के स्थानीय निवासियों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत कलेक्टर से की है।शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कचनी स्थित म.प्र. शासन की भूमि नंबर 1849/2909 रकमा 0.016 हेक्टेयर पर नम्रता शाह पति पंकज कुमार शाह निवासी चौरा, तहसील माड़ा द्वारा सरहंगता पूर्ण ढंग से बलपूर्वक कब्जा करते हुए बाउंड्री बाल का निर्माण कर रहें है। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे से आम लोगों का निकास - निस्तार भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सरकारी जमीन में अवैध कब्जा करने वाले लोग धनी और सरंग हैं।? अवैध निर्माण को रोकने करने पर वह मारपीट और धमकी दे रहे हैं। साथी उनके द्वारा कहा जा रहा है कि सरकारी जमीन हमारी है और हम इस पर कब्जा करेंगे हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। ऐसे में अवैध निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है और अभी भी अप्रिय घटना घट सकती है। जिसको संज्ञान में लेकर तत्काल अवैध निर्माण को रोक कर सरहंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

नवागत पुलिस कप्तान आज संभालेंगे पदभार

सिंगरौली । नवागत पुलिस कप्तान मनीष खत्री कल 20 नवम्बर को कार्यालयीन समयानुसार सिंगरौली पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच पदभार ग्रहण करेंगे। विभागीय सूत्र बताते हैं कि एसपी निवेदिता गुप्ता बीते 18 नवम्बर को रिलिव हो चुकी हैं। वही कल 20 नवम्बर को श्री खत्री पदभार ग्रहण करते हुये पुलिस अधिकारियों से परिचय कर कामकाज में जुट जाएंगे।

नेताओं से सही तालमेल नहीं होना या फिर कुछ और की नप गए सिंगरौली एसपी

पुलिस की मुखबिरी कराने के आरोप, प्रदेश स्तर का नेता मोरवा में डाला ढेरा

सिंगरौली

पुलिस और बिचौलियों की मिली भगत से चल रहे अवैध वसूली का खेल कोई नया नहीं है। हाल ही में 6 करोड रुपए लेनदेन के मामले से प्रदेश भर की राजनीतिक गरमाई हुई है। इस बीच सिंगरौली एसपी निवेदिता गुप्ता के तबादले के कई मायने निकाले जा रहे हैं। वहीं चर्चा है कि वसूली और स्थानीय नेताओं से सही तालमेल नहीं बनाने की शिकायत होने के बाद सीएम मोहन यादव ने एसपी निवेदिता गुप्ता का तबादला कर दिया है। सूत्रों की मानें तो जिले में आरक्षकों और प्रधान आरक्षकों से अवैध वसूली मामले की शिकायत सीएम तक पहुंची थी। इसके बाद बड़ा एक्शन हुआ।

दरअसल डीजल कबाड़, कोयला और रेत के लिए हमेशा से बदनाम रहा है। अब ऊर्जाधानी के ब्लैक डायमंड और रेत के कारोबार पर राजधानी की भी नजर टिक गई है। प्रदेश स्तर के कारोबारी और राजनेताओं के दखल के बाद ब्लैक डायमंड से जुड़े कारोबारियों की धड़कन भी बढ़ गई है। इस बीच मोहन यादव ने सिंगरौली एसपी निवेदिता गुप्ता का तबादला किया तो जितने मुंह उतनी बातें होने लगी है। कोई कोई तबादले के पीछे स्थानीय नेताओं को जिम्मेदार ठहरा रहा है तो कोई कारोबार से जुड़े लोगों को बता रहा है। चर्चा है कि पिछले दिनों एसपी ने कोयला, कबाड़, डीजल और शराब कारोबारी के खिलाफ सख्ती की थी। लेकिन इस मामले में सीनियर अफसर को भरोसे में नहीं लिया गया। इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से तालमेल में कमी और नाराजगी भी रहीं। सूत्रों की माने तो एसपी पर आरक्षकों और प्रधान आरक्षकों के जरिए पुलिस की मुखबिरी करने और कोयला कारोबारियों से एक मामले में बात इतनी बिगड़ी की भोपाल तक शिकायत पहुंच गई।

पुलिस की मुखबिरी कराना पड़ा भारी ?

बताया जा रहा है कि एसपी निवेदिता गुप्ता के स्थानीय नेताओं सहित विभागीय प्रभारियों से तालमेल सही नहीं था। भाजपा के प्रदेश लेवल के नेता और सिंगरौली एसपी का विवाद भी उनमें से एक है। वहीं चर्चा है कि खनन माफियाओं के खिलाफ पुख्ता सबूत होने के बाद भी कार्यवाही नहीं होना प्रमुख बजह माना जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि जिले में एसपी के संरक्षण में आरक्षक और प्रधान आरक्षक थाना प्रभारियों पर अपना रौब दिखा देते थें। लिहाजा सीआईडी ने भी जिले के हालातो का सही ब्रीफ करना एसपी के तबादले की प्रमुख वजह मानी जा रहा हैं।

प्रदेश स्तर का नेता मोरवा में डाला ढेरा

कोयले के कारोबार में पैसा बहुत है यह सभी समझ रहे हैं लेकिन कोयले के कालिख में दाग भी लगते हैं। हालांकि कोयला कारोबार के लिए एक शख्स मोरवा के एक होटल में कुंडली मारकर बैठ गया है। और खुद को प्रदेश स्तर से जुड़े नेताओं का करीबी बता कर कोयले का काला साम्राज्य खड़ा करने की जुगत में है।कोयले के कारोबार में कमाई कोई करें लेकिन खामियां सत्ता दल पार्टी को उठानी पड़ती है।

कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली (म.प्र.)

क्र. 931/राजस्व/2024 सिंगरौली दिनांक 12/11/24

सार्वजनिक इस्तहार

एतद द्वारा साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के नवजीवन बिहार पुनर्वास कालोनी सेक्टर क्र.1 वार्ड क्र. 32 तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. में स्थित नि:शुल्क भू-खण्ड के लीज ग्रहिता की मृत्यु उपरान्त उनके वारिसों के द्वारा भू-खण्डों का वारिस नामांतरण कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस कार्यालय में विचाराधीन है विवरण इस प्रकार है-

क्र.	मूल पट्टेदार लीज ग्राहीता का नाम	भू-खण्ड क्र. व साइज	उस व्यक्ति का नाम जिसके नाम से नामान्तरण होना है।
1.	स्व. नारायण शाह तनय स्व. बुधन शाह	1/72 साइज 12 x 18 मीटर	1. शंकर प्रसाद शाह पुत्र 2. हरी प्रसाद शाह पुत्र 3. श्याम बिहारी शाह पुत्र 4. शिवचरण शाह पुत्र
2.	स्व. युगुल किशोर मेहता तनय स्व. कैलाश मेहता	1/263 साइज 12 x 18 मीटर	1. पवन कुमार मेहता पुत्र 2. कंचन मेहता पुत्री 3. संगीता मेहता पुत्री 4. अनुराधा मेहता पुत्री

अत: उपरोक्त भू-खण्डों के नामान्तरण के संबंध में सार्वजनिक इश्तहार प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर निगम कार्यालय में साक्ष्य सहित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्तियां विधि मान्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी (राजस्व)
उप कार्यालय नवजीवन बिहार
नगर पालिक निगम सिंगरौली

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 125 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

गेंदलाल बहेलिया की समस्या के निराकरण के साथ मिली ट्राइसाइकिल और वैशाखी

सीधी। नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 125 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में जनपद पंचायत सीधी के ग्राम बरंबाबा से आये गेंदलाल बहेलिया ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि 5 माह से नि:शक्तता का पेंशन न मिलने के कारण जीवन यापन करने में समस्याएं आ रही है। कलेक्टर ने शिकायत का तत्काल निराकरण सामाजिक न्याय विभाग से कराया। साथ ही उनकी शारीरिक की स्थिति को देखते हुए ट्राई साइकिल और वैशाखी प्रदान कराई। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर गेंदलाल बहेलिया खुश और संतुष्ट दिखे।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

कांग्रेस ने मनाई रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

सीधी। कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन सीधी में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह की उपस्थिति में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी भारत रत्न स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी एवं स्वतंत्रता संग्राम की अमर प्रतीक अदम्य साहस और अपार शौर्य की प्रतिमूर्ति, रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर पुष्पांजली कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया एवं विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें सभी वक्ताओं ने स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी एवं झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के योगदान को याद किया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह की विशेष उपस्थिति में सीधी विधानसभा अंतर्गत ग्राम डोल में जयंती कार्यक्रम का आयोजन कर महिला सम्मान समारोह में माताओं बहनों को सम्मानित किया गया।जयंती अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि साहस शक्ति समर्पण और संकल्प की पर्याय भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें नमन करता हूं।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सिहावल जनपद सभागार में बैठक संपन्न

सीधी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा मंगलवार दिनांक 19.11.2024 को सिहावल विकासखंड मुख्यालय में जनप्रतिनिधियों एवं लाइन डिपार्टमेंट के 18 विभागों के अधिकारियों ध्कर्मचारियों को आमंत्रित कर कार्य योजना हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के जो 18 विभागों की 25 सेवाएं हैं और उनमें जो गैप है उसकी योजना बनाने और समय सीमा में शासन को प्रस्ताव भेजने के संबंध में निर्देशित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी ने संबंधित ग्राम के सचिवध् रोजगार सहायक से 18 विभागों की 25 सेवाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा जो गैप है उसके प्रस्ताव उनसे आमंत्रित किए। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी सिहावल एसपी मिश्रा, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग डॉ डी के द्विवेदी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहावल शैलेष पाण्डेय सहित सभी लाइन डिपार्टमेंट के जिलाध् विकासखंड स्तरीय अधिकारी तथा सचिवध्रोजगार सहायक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रदेश के 51 जिलों में किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस अभियान को बहुत ही संवेदनशीलता के साथ अनुसूचित जनजाति वर्ग के जीवन स्तर को सुधारने के लिए एवं उनके समग्र विकास के लिए संचालित किया जा रहा है, ताकि सभी जनजातीय बसाहटों में अधो संरचना संबंधी कार्य पूर्ण हो सकें। जिले में उक्त अभियान के तहत 134 गांव चिन्हित किए गए हैं, इसमें सिहावल विकासखंड के 14, सीधी के 48, रामपुर नैकिन के 11, कुसमी के 37 और मझौली के 24 गांव चयनित किए गए हैं।

जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर 20 नवंबर को

सीधी। जिला चिकित्सालय सीधी में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन पूर्व से निर्धारित दिवस 20 नवंबर को सुबह 9 बजे से 5 बजे तक किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनीता तिवारी ने रक्तदान से जुड़ी प्रमुख बातों के बारे में बताया कि रक्तदान को महादान भी कहा जाता है। दुर्घटना एवं सर्जरी जैसी स्थिति में व्यक्ति की जान बचाने के लिए रक्त की जरूरत पड़ती रहती है। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई तरह के भ्रम हैं। लेकिन नियमित रक्तदान से हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है, रक्तदान करने से रक्त की चिपचिपाहट काम हो जाती है जिससे दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा कम हो जाता है। शरीर में आयरन का उच्च स्तर कैंसर के खतरे को बढ़ाता है, रक्तदान करने से उचित आयरन का स्तर बना रहता है जिससे कैंसर के विकास का खतरा कम हो जाता है, और बार-बार रक्तदान करने से लीवर, पेट, फेफड़े, कोलन और गले के कैंसर का खतरा काम हो जाता है। रक्तदान करने के उपरांत शरीर खून की कमी को पूरा करने के लिए रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को उत्तेजित करता है जिससे ब्लड सेल्स स्वस्थ और क्रियाशील रहती हैं। रक्तदान करने वाले की निरूशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाती हैं जिसमें पल्स, ब्लड प्रेशर, शरीर का तापमान, हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच शामिल होती है, रक्तदाता को अपने शरीर की स्थिति के बारे में भी जानकारी मिल जाती है और अगर कोई परेशानी है तो इसका उपचार हो जाता है। जिनका अधिक वजन होता है और हीमोग्लोबिन स्तर सही है तो उन्हें भी रक्तदान करना चाहिए इससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है। सीएमएचओ डॉ. तिवारी ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवी, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं व्यापारी संगठनों, के प्रमुखों और जिले के युवा नगरिकों, शासकीय एवं अशासकीय निकायों से जुड़े सभी लोगों से अपील किया है कि अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए एक दूसरे को प्रेरित करते हुए अपने साथियों एवं लोगों तक सूचना पहुंचाएं एवं इसमें भाग लेकर शिविर को सफल बनाएं।

सरस्वती विद्यालय में मनी रानी लक्ष्मीबाई जयंती

सीधी। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार सिंह के द्वारा अतिथियों का तिलक एवं श्रीफल द्वारा स्वागत किया गया। इसके उपरांत विद्यालय की बहनों सोनिया सोनी, अक्षता मिश्रा, मनुजा त्रिपाठी, लक्ष्मी केवट, आयुषी गौतम के द्वारा रानी लक्ष्मीबाई के जीवन चरित्र पर काव्य पाठ, एकल अभिनय एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी ने अपने कथन में बताया कि जीवन में हमें कुछ बड़ा करना है, तो बिना चरित्र निर्माण के कुछ भी संभव नहीं है। अत: हमें अपनी अशिक्षा को दूर करते हुए कुरीतियों से दूर रहना चाहिए, तभी हम बेरोजगारी को दूर करते हुए न्याय को स्थापित कर सकते हैं। लक्ष्मण दोड़वे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बताया कि विधि की जानकारी हम सभी को होनी चाहिए, जानकारी के अभाव में हम अपराध से बच नहीं सकते हैं। वीरेंद्र जोशी जिला न्यायाधीश ने बताया कि जब दो के बीच में ऐसी बातें हो, जो हमें अच्छा नहीं लगे, तो वह अपराध कहलाता है।

सरस्वती शिशु मंदिर में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

सीधी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार पाण्डेय तथा जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री वीरेन्द्र जोशी, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे की अध्यक्षता में मंगलवार दिनांक 19.11.2024 को सरस्वती शिशु मंदिर मडरिया जिला सीधी में श्री सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार पाण्डेय ने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के बारे में बच्चो को बताया तथा किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) की जानकारी दी। इसके साथ ही श्री पाण्डेय ने विधि के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री वीरेंद्र जोशी ने माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, न्यायालयीन प्रक्रिया दांडिक तथा व्यवहार विधि के बारे में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। शिविर में चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे ने शिक्षा का अधिकार, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे ने प्राधिकरण के बारे में विस्तार से बताया। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंतर्गत संचालित योजना नि:शुल्क विधिक सहायता, नि:शुल्क विधिक सलाह तथा शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उक्त शिविर में सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य श्री राजकुमार सिंह, श्री विनय तिवारी पैरालीगल वालंटियर सीधी, श्री अरविंद पटेल पैरालीगल वालेंटियर सीधी, सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राओं के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय मड़वास में द्वितीय दिवस की प्रतियोगिताएं सम्पन्न

सीधी। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। द्वितीय दिवस के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कृष्णलाल पयासी सदस्य जिला पंचायत सीधी उपस्थित थे तो वही विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री रोहिणी रमण मिश्रा विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत मझौली उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के डॉ.

लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने की । कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने किया।

आज की प्रतियोगिताओं में लोक नृत्य (समूह नृत्य), समूह लोक गान एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओ ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में डॉ कमलेश जायसवाल, डॉ अनुराग तिवारी, डॉ निशा सिंह थे तो लोक गान प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ अमिता खरे, डॉ आकांक्षा मिश्रा, प्रो.प्रवीण कुमार साकेत थे। लोक नृत्य समूह की विधा के निर्णायक डॉ संगीता मिश्रा, डॉ ज्योति रजक, प्रो प्रवीण कुमार साकेत एवं डॉ आकांक्षा मिश्रा उपस्थित थी ।

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ रामधारी जायसवाल ने किया । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के डॉ सुरेंद्र गुप्ता, डॉ संगीता मिश्रा, डॉ पंकज मिश्रा, डॉ राजेश कुमार पटेल, श्री सुंदर लाल प्रजापति, श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे ।

सीएम राइज विद्यालय में स्काउट गाइड प्रतियोगिताएं संपन्न

सीधी। जिला शिक्षा अधिकारी सीधी एवं पदेन जिला कमिश्नर स्काउट सीधी के आदेश अनुसार, सचिव हरिशंकर पांडे के निर्देशानुसार अनुसार सीएम राइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में भारत स्काउट गाइड जिला डीओसी श्रीमती अजीता द्विवेदी के निर्देशन में स्वच्छता एवं भारत स्काउट गाइड विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गाइड की बच्चियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सुंदर-सुंदर रंगोली बनाई साथ एवं गैलहाई, अंजूरी लोकगीत एवं देश भक्ति गीत भी प्रस्तुत किए गये।

मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत बीएलओ प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक 20 नवंबर को

सीधी। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र-77 सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता सूची का कार्य प्रक्रियाधीन है। उपरोक्त अभियान के तहत नवीन मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने तथा मृत व्यक्तियों का परीक्षण कर विलोपित करने तथा संशोधन एवं डी.एस.ई. व पी.एस.ई. तथा अन्य कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाना है। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचन कार्य में आपेक्षित प्रगति न आने से समस्त बी.एल.ओ. की आवश्यक समीक्षा बैठक मतदान केन्द्रवार आयोजित की गई है। आयोजित प्रशिक्षण में सभी बी.एल.ओ. आवश्यक रूप से नियत दिनांक एवं समय पर जनपद पंचायत सीधी के सभागार में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अनुपस्थित रहने पर निर्वाचन नियमों के तहत नियमानुसार कार्यवाही संबंधित पर की जावेगी। समस्त बी.एल.ओ. समीक्षा बैठक दिनांक को अपने-अपने मतदान केन्द्रों के किये गये कार्यप्रगति की जानकारी लेकर समीक्षा बैठक में आवश्यक रूप्से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उन्होने बताया कि समीक्षा बैठक जनपद पंचायत सीधी के सभागार में दो पालियों में आयोजित की गई है। प्रथम पाली दिनांक 20.11.2024 को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक मतदान केन्द्र क्रमांक 01 से 150 तक एवं द्वितीय पाली मतदान केन्द्र क्रमांक 151 से 293 तक दोपहर 12.15 से 1.15 बजे तक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

ऑटो एवं ट्रक की भिडंत से 5 की मौत, 3 गंभीर

आमने-सामने भिडंत की वजह से यह हुआ हादसा

सीधी। जिले के बढ़ौरा के समीपस्थ देवनाढ़ नाला बनियाडोल में भीषण सडक़ हादसा हुआ है। जिसमें कि पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन की हालत गंभीर है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जहां कि घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जिसमें गंभीर चोंटिलों को रीवा रेफर कर दिया गया है। ह्रदय विदारक घटना यह मानी जा सकती है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारजन रोते-बिलखते देखे गए हैं।

जानकारी के अनुसार वाहन ऑटो क्रमांक एमपी 17 आरए 0146 जो सीधी से बढ़ौरा की तरफ जा रहा था वहीं सामने रीवा से आ रहा ट्रक क्रमांक यूपी 96 टी 1466 बनियाडोल में देवनाढ़ नाला के पास सामने से भिडंत कर दिया। जिससे मौत की स्थिति देखने को मिली है। मृतकों में प्रेमवती तिवारी पति संतोष 55 वर्ष निवासी पडखुरी थाना रामपुर नैकिन, सीता मिश्रा पति मुकेश मिश्रा 32 वर्ष, माण्डवी इक्षसह पिता महेन्द्र सिंह 1 वर्ष निवासी बारी, भोला प्रसाद तिवारी पिता विजय तिवारी 24 वर्ष एवं विनायक मिश्रा पिता मुकेश मिश्रा की मौत हो गई है। जिसमें कि 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि विनायक की मौत अस्पताल ले जाते वक्त हुई है। इस मामले में पुलिस द्वारा जो भी दोषी वाहन चालक होंगे उसके खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही जा रही है।

वहीं घायलों में प्रीती सिंह पिता जवाहर 35 वर्ष निवासी बारी, मोहित उम्र 24 वर्ष निवासी बारी, रजनीश पिता शिवानंद तिवारी 25 वर्ष सीधी को भी गंभीर चोंटे लगी हैं। जिन्हें कि उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। हालत गंभीर होने के कारण रीवा रेफर कर दिया गया है।

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

ह्रदय विदारक घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची जिनमें कि घायलों को तत्काल उपचार के लिए भर्ती कराया गया वहीं मृतकों का पीएम कराने के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया है। उस दौरान भीषण हादसे से लोगों में नाराजगी भी हुई। जहां कि घटना स्थल में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ जिसमें कि मौके पर पुलिस ने समझाईश दी जिसके बाद मामला शांत हुआ है।

पीएम घर के सामने भी लगी रही लोगों की भीड़

पूरे घटनाक्रम को लेकर पोस्टमार्डम घर सीधी में भी लोगों की भारी भीड़ लगी रही। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। इस मामले में क्या लापरवाही हुई यह तो जांच का विषय है लेकिन कहीं न कहीं पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस द्वारा जांच विवेचना करने की बात कही जा रही है।

कार्यालय नगर पालिक परिषद सीधी, जिला-सीधी (म.प्र.)

एन.आई.टी. क्रमांक 5119/ई टेंडरिंग/न.पा./2024 सीधी, दिनांक 10 नवम्बर 2024

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2024_UAD_382680_1 दिनांक 18.11.2024	छत्रसाल स्टेडियम एवं मानस भवन की सफाई एवं पुताई का कार्य।	(1) 15 दिन (2) 2.02 लाख	(1) 2000.00 (2) 2028.00	03.12.2024
2	2024_UAD_382682_1 दिनांक 18.11.2024	वार्ड क्रमांक 06 में सम्राट चौराहा से सराफा बाजार तक पेवर ब्लाक लगवाए जाने का कार्य।	(1) 1 माह (2) 8.04 लाख	(1) 2000.00 (2) 8040.00	03.12.2024
3	2024_UAD_382684_1 दिनांक 18.11.2024	वार्ड क्रमांक 06 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (गायत्री काम्पलेक्स) में चैनल गेट व छत के गरम्मत का कार्य।	(1) 15 दिन (2) 1.37 लाख	(1) 2000.00 (2) 2741.00	03.12.2024
4	2024_UAD_382688_1 दिनांक 18.11.2024	वार्ड क्रमांक 12 में आनंद सिंह जी के घर के पीछे (कोलान बस्ती) से गौतम जी के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	(1) 1 माह (2) 3.85 लाख	(1) 2000.00 (2) 3847.00	03.12.2024
5	2024_UAD_382690_1 दिनांक 18.11.2024	वार्ड क्रमांक 17 पुरानी सब्जी मण्डी में प्लेटफार्म के पुनर्निर्माण का कार्य।	(1) 2 माह (2) 3.30 लाख	(1) 2000.00 (2) 3305.00	03.12.2024
6	2024_UAD_382692_1 दिनांक 18.11.2024	वार्ड क्रमांक 06 विभिन्न स्थलों पर पेवर ब्लाक लगवाए जाने का कार्य।	(1) 2 माह (2) 12.45लाख	(1) 2000.00 (2) 9337.00	18.12.2024
7	2024_UAD_382693_1 दिनांक 18.11.2024	वार्ड क्र. 10 में पुनीत श्रीवास्तव के घर से किड्जी प्ले स्कूल एवं रनवीर सिंह बाघेल के घर से मनोरथ विद्या मंदिर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	(1) 3 माह (2) 26.29लाख	(1) 5000.00 (2) 19719.00	18.12.2024

नोट :- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीधी

संपादकीय

रैगिंग पर सख्ती से रोक

परिचय के नाम पर रैगिंग के दौरान प्रताड़ित करने का चलन अगर सख्त पाबंदी के बावजूद आज भी कायम है तो यह इस प्रथा पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए उठाए गए कदमों पर सवालिया निशान है। गौरतलब है कि रैगिंग का विरोध करने पर नोएडा के एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रावास में कनिष्ठ विद्यार्थियों की पिटाई की गई। विचित्र है कि यह मामला एक महीने तब तक दबा रहा, जब तक कि एक पीड़ित छात्र ने थाने में शिकायत नहीं दर्ज कराई। उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग के विरुद्ध सख्त नियमों और अदालतों के साफ दिशा-निर्देशों के बावजूद नए विद्यार्थियों को प्रताड़ित करने या उनके खिलाफ हिंसा की खबरें अक्सर आती रहती हैं। कई बार ऐसा लगता है कि सख्त नियम-कायदे के बावजूद रैगिंग करने वाले युवाओं के भीतर कानून का भी न कोई डर है, न उन्हें अपने भविष्य की कोई चिंता है। निचली कक्षाओं के विद्यार्थियों पर रौब जमाना या किसी को प्रताड़ित करना यह बताता है कि कुछ युवाओं में दमन की कुंठित मानसिकता काम करती रहती है। किसी उच्च शिक्षण संस्थान में दाखिला लेकर कालेज आने वाले विद्यार्थी को जब उनके वरिष्ठ छात्र शुरुआती दौर में ही शारीरिक और मानसिक पीड़ा पहुंचाने के लिए अभद्र व्यवहार करते हैं, तो उसकी स्मृति नवोदित विद्यार्थी के मन-मस्तिष्क में अंकित हो जा सकती है। वह वर्षों इससे उबर नहीं पाता। शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण की अपेक्षा की जाती है। इस संदर्भ में रैगिंग के खिलाफ सख्त नियम-कायदे तय किए गए हैं। शीर्ष न्यायालय कई साल पहले सभी शिक्षण संस्थानों में रैगिंग विरोधी कानून सख्ती से लागू करने का आदेश दे चुका है। दोषी छात्रों को तीन साल जेल और जुर्माने का प्रावधान है। नियमों का पालन न करने पर संस्थानों की मान्यता रद्द करने का भी निर्देश है। फिर भी रैगिंग के बहाने आज भी दूसरों को प्रताड़ित करने और उपहास उड़ाने की प्रवृत्ति खत्म नहीं हुई है। ध्यान रखने की जरूरत है कि रैगिंग का शिकार विद्यार्थी प्रताड़ना और अपमान को भूल नहीं पाता। ऐसी घटनाओं के बाद कुछ पीड़ितों ने खुदकुशी भी कर ली। निस्संदेह ऐसे मामले न केवल मानवाधिकारों का हनन हैं, बल्कि गरिमा के विरुद्ध भी हैं।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा गया था। यह मांग बिल्कुल प्रासंगिक एवं भारत के पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने का सराहनीय प्रयास है। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। आज जबकि देश में लाइफ़स्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेज़ी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये पारंपरिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इज़ाफ़ा हुआ है। सरकार को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए काम करते हुए एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात करना चाहिए।

भारत की पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने की मांग

(ललित गर्ग)

भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जैसे कि आयुर्वेद और योग दूसरी पद्धतियों के मुकाबले सस्ती एवं सुगम हैं। इसके लिए ज्यादा इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं पड़ती। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के जरिये ही इन्हें भी लागू किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा गया था। यह मांग बिल्कुल प्रासंगिक एवं भारत के पारंपरिक चिकित्सा को प्रोत्साहन देने का सराहनीय प्रयास है। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। आज जबकि देश में लाइफ़स्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेज़ी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये पारंपरिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इज़ाफ़ा हुआ है। सरकार को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए काम करते हुए एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की समृद्ध एवं शक्तिशाली परम्पराओं यानी योग, आयुर्वेद आदि को बल दे रहे हैं। वे आधुनिक चिकित्सा को सस्ता एवं जनसुलभ बनाने के लिये भी योजनाएं ला रहे हैं। इन्हीं सन्दर्भों में सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों दायर इस याचिका में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को शामिल करने की मांग समयोचित एवं सूझबूझभरा प्रयास है। ऐसा करने से जहां एक बड़ी आबादी को सस्ती स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगी, वहीं पारंपरिक चिकित्सा को भी बढ़ावा मिलेगा।

भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जैसे कि आयुर्वेद और योग दूसरी पद्धतियों के मुकाबले सस्ती एवं सुगम हैं। इसके लिए ज्यादा इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत नहीं पड़ती। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के जरिये ही इन्हें भी लागू किया जा सकता है। इससे न सरकार पर ज्यादा बोझ आएगा और न जनता पर, बल्कि स्वास्थ्य बीमा का विस्तार होने से देश की कुल चिकित्सा लागत में कमी ही आएगी। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना या आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है।

लगभग 55 करोड़ लोग इसके दायरे में आते हैं। लेकिन एक बड़ी आबादी अब भी इसके लाभ से छूटी हुई है। पारंपरिक चिकित्सा और भी लोगों को जोड़ सकती है। इसको तेजी से विकसित कर व्यक्ति-व्यक्ति एवं घर-घर पहुंचाया जा सकता है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को पूरी दुनिया में ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए सरकार ने काम शुरू कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर यह भी देखा जा रहा है कि किस तरह से भारत का पारंपरिक ज्ञान दुनिया को सेहतमंद रखने में योगदान दे सकता है। इस दिशा में रिसर्च और इनोवेशन पर ध्यान दिया जा रहा है। याचिका में उठाई गई मांग को पूरा करके सरकार अपने काम को ही आगे बढ़ाएगी एवं दुनिया के लिये एक स्वास्थ्य उजाला करेगी।

दुनिया में आयुर्वेद एवं योग दोनों की मांग बढ़ रही है। बाजार की दृष्टि से देखें, तो इसकी ग्रोथ रेट 15 प्रतिशत से अधिक है। साल 2014 में आयुष का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 2.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो 2020 में बढ़कर 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। अमेरिका और यूरोप समेत 100 से अधिक देशों में भारत के हर्बल प्रॉडक्ट एवं आयुर्वेद इलाज पहुंच रहा है। आयुष्मान भारत के तहत इसे लाने से इसमें और तेजी आएगी। मांग बढ़ेगी तो जाहिर है कि उत्पादन भी बढ़ाना होगा। इससे इस क्षेत्र में रोजगार के मौके बनेंगे, आर्थिक प्रगति होगी। भारत के आयुर्वेद का दुनिया बाजार बनेगी। इससे निश्चित ही भारत के दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने को बल मिलेगा।

आयुर्वेद को दुनिया भर में स्वीकृत सबसे पुरानी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में से एक माना जाता है। आयुर्वेद में, पौधों, खनिजों, पशुओं से प्राप्त उत्पादों, आहार, व्यायाम, संयमित जीवनशैली और प्राकृतिक जीवन को शामिल किया जाता है। आयुर्वेद की शुरुआती अवधारणाएं अथर्ववेद में बताई गई हैं। इस पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली में प्राचीन ज्ञान का अभी भी पूरी तरह से पता नहीं लगाया गया है। विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के समृद्ध ज्ञान के संगम से हर्बल दवा खोज प्रक्रिया में नए रास्ते खुल सकते हैं। इन प्रणालियों के सैद्धांतिक सिद्धांतों के बीच अंतर और समानता की समझ की कमी, पौधों पर आधारित दवाओं की खोज में अन्य बाधाओं के अलावा उनके अभिसरण की दिशा में सबसे बड़ी बाधा है। इस समीक्षा का उद्देश्य आयुर्वेद के सदियों पुराने इतिहास और बुनियादी सिद्धांतों को सामने लाना है। इससे नवोदित विद्वानों, शोधकर्ताओं और चिकित्सकों को पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों की गहरी समझ हासिल करने, समानताओं को मजबूत करने और ऐसी औषधीय प्रणालियों की वैश्विक स्वीकृति और सामंजस्य की चुनौतियों को दूर करने में मदद मिलेगी।

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति सदियों से आज तक जीवित और समृद्ध रही है। इस प्रकृति आधारित चिकित्सा के विशाल ज्ञान, मानव शरीर की संरचना और प्रकृति के साथ कार्य करने के संबंध और ब्रह्मांड के तत्व में समन्वय में कार्य करते हैं और जीवित प्राणियों को प्रभावित करते हैं, के साथ यह प्रणाली आने वाले युगों में भी समृद्ध होने की संभावनाओं को ही उजागर कर रही है। शोधकर्ताओं, चिकित्सकों और क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा अभी भी कई रास्ते तलाशे जाने बाकी हैं ताकि इस ज्यादा सुरक्षित, कारगर एवं कम खर्चीली पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को जीवंत बनाकर स्वास्थ्य की चुनौतियों को कमतर किया जा सके। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में से हर साल लगभग 58 लाख लोगों की मौत होती है। इनसे बचाव में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति कारगर साबित हो सकती है। केंद्र ने कुछ अरसा पहले ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी शामिल करने की मंजूरी दी थी। पारंपरिक चिकित्सा बढ़ती बुजुर्ग आबादी की जरूरतों को भी बेहतर तरीके से पूरा कर सकती है। आयुर्वेद दवाओं के साथ-साथ असाध्य बीमारियों को दूर करने में सहज, प्रकृतिमय और चिन्तामुक्त जीवन, शुद्ध वातावरण, शुद्ध हवा-पानी, सात्विक-संतुलित आहार और भरपूर मेहनत को बल दिया जाता है। महानगरों की भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में आदमी मात्र मशीन बनकर रह गया है। अपने स्वास्थ्य के बारे सोचने एवं समझने का समय भी उसके पास नहीं है। विकास की तीव्र गति से उपजी अति तनावपूर्ण जीवनशैली एवं प्रतिस्पर्धाओं ने चिन्ता एवं तनावों को जन्म दिया है, जो आधुनिक बीमारियों को बढ़ाते हैं।

अनेक अनुसंधान एवं शोध में बताया गया है कि ध्यान एवं योग करने वाले व्यक्तियों की मनोविज्ञान में असाधारण रूप से परिवर्तन होता है। ऐसे व्यक्तियों में घबराहट, उत्तेजना, मानसिक तनाव, उग्रता, मनोकायिक बीमारियां, स्वार्थपरता और विकारों में कमी पाई गयी हैं तथा आत्मविश्वास, सहनशक्ति, स्थिरता, कार्यदक्षता, विनोदप्रियता, एकाग्रता आदि गुणों में वृद्धि देखी गयी है। ये ध्यान-साधना एवं योग में प्रत्यक्ष लाभ अनुभूत किये गये हैं जो तरह-तरह की बीमारियों पर नियंत्रण का सशक्त माध्यम है। इसीलिये आधुनिक बीमारियों को परास्त करने के लिये इन गुणों युक्त जीवनशैली को अपनाया जाना चाहिए। सम्पूर्ण आस्था एवं विश्वास के साथ जीवनरूपी प्रयोगशाला में इसे प्रायोगिक रूप देकर जीवन में तरह-तरह की बीमारी रूपी-राक्षस को निस्तेज करके जीवन में आनन्द का अवतरण किया जा सकता है।

अपने ही बुने जाल में फंस गए अजित पवार

(गंगाधर ढोबले)

चाहे या न चाहे, लेकिन उद्योगपति गौतम अडाणी महाराष्ट्र में चुनावी मुद्दा बन ही गए। अजित पवार के एक राजनीतिक भंडाफोड़ ने तहलका मचा दिया है। उनका निशाना चाचा शरद पवार थे, लेकिन उसकी जद में अडाणी भी आ गए। अजित दादा ने पोल खोली कि 2019 में राज्य में सत्ता का जो खेल हुआ था, उसके पीछे शरद पवार ही थे। इसी के चलते उन्होंने देवेंद्र फडणवीस से मिलकर सरकार बनाई थी, जो 80 घंटे ही चली, क्योंकि अजित अचानक पीछे हट गए। सत्ता के इस खेल में अडाणी का नाम इसलिए उछला, क्योंकि उन्होंने ही शरद पवार और अमित शाह की बैठकें करवाई थीं। अब इससे कोई इनकार नहीं करता।

खुलासे का कारण

प्रश्न केवल यह है कि पांच साल चुप रहने के बाद ऐन चुनाव के मौके पर अजित पवार ने यह गुगली क्यों फेंकी? इसके दो कारण हो सकते हैं। पहला, उन पर लगा गद्दारी का कलंक धोना और गेंद शरद पवार के पाले में उछाल देना क्योंकि दोनों का वोटबैंक लगभग एक ही है। लोकसभा चुनाव में बगावत का ठीकरा उनके सिर फूटा, जिसका खामियाजा उन्हें और उनके गुट को भुगतना पड़ा। शरद पवार की छवि शालीन बनी रही और चुनाव में उन्हें फायदा मिला। इस चुनाव में अजित दादा यह स्थिति उलट देना चाहते हैं। वह अब खुद टारगेट नहीं बनना चाहते, बल्कि चाचा को निशाना बनाना चाहते हैं। वह साबित करना चाहते हैं कि वह निर्दोष है और सारा किया-कराया शरद पवार का है।

छवि बदलना

दूसरा कारण यह है कि बारामती में वह खुद चुनाव मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी पत्नी सुनेत्रा को शरद

पवार ने हरवाया और अपनी बेटी सुप्रिया सुले को जितवाया। अबकी बार शरद पवार ने ही अजित दादा के सगे भतीजे युगेंद्र को उनके खिलाफ खड़ा किया है। जनता में बात यह गई है अजित ने पवार परिवार में बंटवारा कराया। लोकसभा चुनाव में यह बात उन पर भारी पड़ी थी। इस बार वह इस स्थिति को बदलना चाह रहे हैं।

अडाणी की एंट्री

घटनाओं को ठीक से समझने के लिए 2019 में चलें। भाजपा-शिवसेना ने युति बनाकर चुनाव लड़ा था। गठबंधन को तो बहुमत मिल गया, लेकिन कोई पार्टी अकेले दम पर सरकार बनाने लायक स्थिति में नहीं पहुंची थी। पेच फंसा मुख्यमंत्री पद पर। उद्धव को सीएम बनाने के लिए भाजपा तैयार नहीं हुई। आखिर में गठबंधन टूट गया। शरद पवार और भाजपा नेतृत्व अन्य विकल्पों की तलाश में जुट गए। दोनों के योग से 159 का स्पष्ट बहुमत बनता था। इसी मोड़ पर अडाणी पिक्चर में आए।

बैठकों की कहानी

अडाणी का भाजपा नेतृत्व और शरद पवार, दोनों से स्नेहपूर्ण संबंध था। इसलिए उनको बातचीत की पहल करने के लिए चुना गया। भाजपा ने ही शायद इसमें पहल की। इन बैठकों के बारे में गोपनीयता बरती गई। तय हुआ कि देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री और अजित पवार उपमुख्यमंत्री होंगे। रातभर में राष्ट्रपति शासन हटा दिया गया और तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने भोर में ही फडणवीस और अजित को शपथ दिला दी। शरद पवार के कान खड़े हो गए। फिर क्या था, 80 घंटे में ही अजित दादा इस्तीफा देकर चाचा के पास लौट आए। सरकार गिर गई, लेकिन बगावत का धब्बा माथे पर लग गया।

कई उलटफेर

इस मोड़ पर शरद पवार की चतुराई काम कर गई। उद्धव ठाकरे और कांग्रेस को जोड़कर उन्होंने महाविकास आघाड़ी बनवाई। अजित दादा का उपमुख्यमंत्री पद फिर कायम रहा। ढाई साल बाद फिर एक भूचाल आया और उद्धव की पार्टी टूट गई। एकनाथ शिंदे शिवसेना के 40 से अधिक विधायक लेकर भाजपा के साथ चले गए। कुछ माह बाद अजित पवार भी लगभग उतने ही विधायक लेकर शरद पवार से अलग हो गए। लगभग सभी बड़े नेता शरद पवार से कन्नी काट गए, लेकिन लोकसभा चुनाव में उनका फिर उदय हुआ। अब अजित गुट का उस ओर पलायन शुरू हुआ है। शायद अडाणी-शरद पवार रिश्तों का हौवा खड़ा कर अजित बाजी संभालना चाहते हैं।

डैमेज कंट्रोल

अब शरद पवार और अजित पवार, दोनों का डैमेज कंट्रोल चल रहा है। शरद पवार कहते हैं कि बैठकें हुईं, लेकिन अडाणी ने चर्चा में हिस्सा नहीं लिया। अजित दादा ने पलटी मारकर लगभग यही बात कही है। भाजपा ने मौन साध लिया है। लेकिन, अजित दादा के धमाके से वह असहज लगती है। शिंदे के लिए भी यह परेशानी का सबब है। शरद पवार की यह भी सफाई है कि 2019 में वह इसलिए पीछे हट गए क्योंकि उन्हें भाजपा के आश्वासन पर भरोसा नहीं था। उनके साथी इसलिए भाजपा के साथ जाना चाहते थे ताकि उनके खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों की जांच बंद हो। इस जांच के दायरे में अजित दादा भी थे।

पुरानी दोस्ती

शरद पवार और अडाणी की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। शरद पवार ने 2015 में छपी अपनी आत्मकथा 'लोक माझे सांगाती' (लोग मेरे साथी) में अडाणी से अपनी दोस्ती का विस्तार से वर्णन किया है। 2008 में मुंबई में हुए आतंकवादी हमले के दौरान ताज होटल में फंसे अडाणी को सुरक्षित बाहर निकालना हो, जनवरी 2023 में अडाणी ग्रुप के खिलाफ आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर बचाव करना हो या चंद्रपुर में ताप बिजलीघर के लिए कोयले का स्लॉट दिलवाना हो- शरद पवार ने अडाणी का साथ हमेशा दिया है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

वर्ग पहेली 5557

संकेत: बाएं से दाएं
1. मजदूर दिवस इस महीने की पहली तारीख को मनाया जाता है (2)
3. पुराणानुसार एक प्रकार का सत्र जिसे पृथ्वी रूपी गौ से गंधर्वों ने दुहा था (2)
6. नहाने की क्रिया, स्नान (3)
8. भय, खौफ, भीत (2)
9. पिता, पैदा करने वाला (3)
10. श्राद्धपक्ष, पितृपक्ष (4)
12. गुलामी, दास का कार्य (3)
13. वाक्य, का अपभ्रंश, शब्द, वाणी (2)
14. एक देवर्षि जो ब्रह्मा के मानस पुत्र कहलाए (3)
15. सामने, उपस्थित, गोचर (3)
17. ताल रहित, बिना पेंदे का (3)
19. शास्त्रीय संगीत में ताल का एक प्रकार (4)
21. साधारण, सामान्य (3)
23. किसी धातु को पीट और खींचकर बनाया गया पदार्थ, टेलीग्राम (2)
24. सिलवट, सिकुड़न, ऐंठ (2)

ऊपर से नीचे
1. केवल, निरा, मात्र, सिर्फ (3)
2. विश्वनीय, सच्चा (5)
3. नेपाल और बिहार में बहने वाली नदी जिसे नेपाल में नारायणी और सत्पगंडकी कहा जाता है (3)
4. पकड़ना, थामना (3)
5. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
7. अभिप्राय, मतलब (4)
11. झरोखा, खिड़की (3)
14. कोमलता, नरमी (4)
15. पदार्थ का मूल तत्व, सच्चाई, यथार्थता (2)
16. अधिक मास, पुरुषोत्तम मास (4)
17. पब्लिक, जनता (3)
18. बोझ ढोकर अपनी आजीविका चलाने वाला (2)
20. भिन्न का नीचे का अंक, प्रत्येक (2)
22. बुनियाद, नींव, जड़ (2)

वर्ग पहेली 5556 का हल

श्या	मा	प्र	सा	द	मु	ख	जी
मा	ल	वा		स्त		ता	
च		स	र	क	ना		प
र	वि		ह		र	स	द
ण		इ	म	दा	द		क
शु	भा			स	पु	त्र	
वल	व		हु		रा	य	ता
	रा	ह	त		ण		ज

नींद के घंटे काटकर जीवन के साल न गंवाएं

(सुंदर चंद ठाकुर)

क्या आपने गौर किया है कि जीवन में जब भी काम का दबाव बढ़ता है, हमें ज्यादा काम करना पड़ता है या हम जब भी जीवन का आनंद लेना चाहते हैं, तो सबसे पहले जिस चीज की हम बिना सोचे बलि पर चढ़ाते हैं, वह है हमारी नींद। हमें लगता है कि ज्यादा सोना समय को बर्बाद करना है। आलसी लोग ही ज्यादा सोते हैं। कर्मवीरों की तो पहचान ही है कि वे बहुत कम सोते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है, तो कृपया तुरंत अपनी सोच को बदलकर दुरुस्त कर लीजिए। यह जान लीजिए कि सच्चा कर्मवीर वही है, जो अपनी नींद से कोई समझौता नहीं करता। न्यूनतम 7 घंटे तो सोता ही सोता है।

कोविड के बाद से हार्ट अटैक की घटनाओं में बहुत इजाफा हुआ। ज्यादा चौंकाने वाली बात यह थी कि जो लोग हार्ट अटैक से मर रहे थे, वे सिगरेट-शराब की लत के शिकार न थे, बल्कि वे फिटनेस का बहुत ही नियमित शेड्यूल फॉलो करते थे। जिम जाते थे। साइक्लिंग करते थे। रनिंग करते थे। अभी दो दिन पहले अमेरिका में योगगुरु के रूप में लोकप्रिय 52 वर्षीय शरत जोएस का हाइकिंग के दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया। वह बहुत कड़क योग गुरु थे। उनके निधन के पीछे कोई वजह समझ न आई। लेकिन एक यह बात जब मालूम चली कि वह रात को एक बजे ही उठ जाते थे।

जाहिर है कि रात को एक बजे उठने से वह एक साथ गहरी नींद नहीं ले पाते थे। और अगर ऐसा वह लंबे समय से कर रहे थे, तो शरीर पर इसके दुष्परिणाम स्वाभाविक थे। योग-व्यायाम करके आपको तभी लाभ मिलता है, जबकि आप दूसरे सभी काम भी हेल्दी तरीके से कर रहे हों। यानी अच्छा भोजन ले रहे हों, पूरी नींद सो रहे हों, ज्यादा तनाव में नहीं रहते हों। आप बहुत एंजाइटी में रहते हुए गरिष्ठ भोजन करते हों और नींद पूरी न लेते हों, तो आप कितनी भी दौड़ लगा लें, व्यायाम कर लें, ध्यान-प्राणायाम कर लें, इनका कोई लाभ नहीं। क्योंकि आप प्रकृति से नहीं लड़ सकते।

आपको प्रकृति ने बनाया है। उसने आपको 100 साल जीने की क्षमता दी है। लेकिन उसके लिए कुछ नियम भी बनाए हैं। जहां उसने काम करने के लिए आपको हाथ-पैर दिए हैं, दिमाग दिया है, दिन की रोशनी दी है, वहीं उसने आपको आराम करने के लिए रात भी है। जब आप नींद का विज्ञान पढ़ेंगे कि कैसे नींद में जाने पर आपका दिमाग और शरीर खुद को रिपेयर करते हैं, आप हैरत में पड़ जाएंगे। शरीर और दिमाग को संजीवनी शक्ति सिर्फ नींद से ही मिलती है। इसलिए जब आप नींद से समझौता करते हो, तो आप खुद को प्रकृति द्वारा दी गई आरोग्य की शक्ति से भी समझौता करते हो।

नींद से समझौता कर हम अपने शरीर में बीमारियों को दावत देते हैं। एक स्टडी में यह पाया गया है कि 7 घंटे की बजाय कुछ दिनों तक सिर्फ 4 घंटे की नींद लेने वालों में पाया गया कि उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता 70 प्रतिशत कम हो गई। अगर आप अपने आसपास कुछ लोगों को अक्सर बीमार ही देखते हैं, तो यह समझ जाएं कि वे अपनी नींद के साथ समझौता करते हैं। उनकी बात वे जानें, पर आप ऐसी बेवकूफी न करें। काम करने के लिए दो घंटे अतिरिक्त निकालने के लिए दो घंटे की नींद कम करके आप अपने खूबसूरत जीवन को दांव पर न लगाइए। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

आज का राशिफल

मेष

आज हर काम में सफलता मिलेगी। भाग्य आपका साथ देगा और आपकी आर्थिक परेशानियां दूर होंगी। आपको काफी लंबे संघर्ष के बाद आज आपको राहत मिलेगी। छोटे-मोटे काम से फायदा होगा। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है। कोशिश करते रहें तो आपको भाग्य साथ देगा।

वृष

आज दिन लाभ से भरा होगा। आपका मन अच्छे कार्य में लगेगा और आपकी तरक्की होगी। पैसों में बढ़ोतरी होगी और काम सफल होंगे। जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करेंगे तो आपको लाभ होगा। टिकाऊ चीजें खरीदें। मेहमान आ सकते हैं और आपका खर्च काफी बढ़ सकता है।

मिथुन

आज लाभ होगा। समय आपके लिए अनुकूल है। आपकी तरक्की देखकर लोग हैरान होंगे। आप खुद भी अपनी उपलब्धियों से हैरान होंगे। प्रगति बनाए रखने से फायदा होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। आपकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है।

कर्क

आज दिन भागदौड़ से भरा रहेगा और आपकी मेहनत सफल होगी। करियर में विशेष लाभ होगा। किसी कारण से आपको उलझन और चिंता परेशान कर सकती है। अगर सबकी सहमति हो तो जगह बदलने का विचार करें। फायदा होगा और काम पूरे होंगे।

सिंह

आज दिन चिंता और परेशानी वाला रहेगा। बिजनस में बिक्री न होने से चिंता होगी और आपको काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। पिछले काफी समय से व्यवसाय ठीक नहीं चल रहा है। अस्थिरता बनी हुई है। नौकरी या बिजनस में सुधार के लिए आलस्य छोड़ना होगा।

कन्या

आज दिन व्यस्त रहेगा। रोजाना से ज्यादा काम करना पड़ सकता है। भागदौड़ करनी पड़ेगी। तब जाकर सफलता मिलेगी। अपने काम को उत्साह से पूरा करें। कुछ समय बाद बेहतर अवसर मिलेंगे। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

तुला

आज दिन लाभदायक रहेगा। लेकिन आप बेवजह परेशान रहेंगे। कुछ परेशानियां आपकी अपनी वजह से हो सकती हैं। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में विरोधी परेशानी पैदा कर सकते हैं। आपको इस मामले में थोड़ा समझने की जरूरत है। आप अपनी बुद्धिमानी से उन्हें हरा सकते हैं।

वृश्चिक

आज भाग्य साथ देगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। तनाव को हावी न होने दें। आपकी नई योजनाएं सफल होंगी। बिजनस में लाभ होगा। पुराने झगड़े खत्म होंगे। अधिकारियों से संबंध बेहतर होंगे। नकारात्मक विचारों को मन में न आने दें। समय आपके अनुकूल है। मन प्रसन्न रहेगा।

धनु

आज दिन सफलता भरा रहेगा। नए संपर्क से लाभ होगा। जो लोग रिसर्च और विज्ञान से जुड़े हैं, वे नई योजनाएं बनाएंगे। रुका हुआ धन मुश्किल से मिलेगा। रोजमर्रा के कामों में लापरवाही न करें। व्यावसायिक तरक्की से आत्मविश्वास बढ़ेगा। हर काम में सफलता मिलेगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

मकर

आज दिन सम्मान और लाभ से भरा होगा। जो लोग ट्रेडिंग या शेयर बाजार से जुड़े हैं उनको लाभ होगा और आपको शुभ समाचार मिलते रहेंगे। दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा। व्यर्थ के झंझटों से बचें। अपने काम को समय दें। धार्मिक यात्रा हो सकती है।

कुंभ

आज दिन लाभदायक रहेगा। अधिकारियों की निकटता से आपके काम बनेंगे। करियर में आगे बढ़ेंगे। आयात-निर्यात का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। आपका मन आध्यात्म के कार्य में लगेगा। मन प्रसन्न रहेगा। समय का सदुपयोग करें। आपकी किस्मत चमकेगी।

मीन

आज दिन बेहद शुभ रहने वाला है। मीन राशि वालों को कल महादेव की कृपा से पर्याप्त मात्रा में धन की प्राप्ति होगी और पैसों की बचत कर पाने में सक्षम भी होंगे। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम की चर्चा हो सकती है, जिसमें परिवार के सभी सदस्य उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बनीं भाजपा की मैनिफेसटो एवं आरोप पत्र समितियों की बैठकें सम्पन्न

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विधानसभा चुनाव से जुड़ी दिल्ली भाजपा की मैनिफेसटो समिति की पहली बैठक संयोजक सांसद रामवीर सिंह बिधूडी के निवास पर सम्पन्न हुई जिसमे राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने अपना मार्गदर्शन एवं विभिन्न प्रभार राज्यों का मैनिफेसटो अनुभव साझा किया। तीन घंटे से अधिक चली बैठक में मैनिफेसटो समिति सदस्यों डा. हर्षवर्धन, विजय गोयल, सरदार अरविंदर सिंह लवली, सतीश उपाध्याय, श्रीमति मीनाक्षी लेखी, प्रवेश साहिब सिंह, अजय महावर, प्रवीण शंकर कपूर, राजकुमार फुलवारिया, सुनीतू डबास एवं अभिषेक टंडन ने समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े मुद्दे रखे और सभी ने उन पर चर्चा कर मुद्दों की शार्ट लिस्टिंग का कार्य शुरू किया। रामवीर सिंह बिधूडी ने कहा है कि आज दिल्ली के लोग बहुत उम्मीद से भाजपा की ओर देख रहे हैं और हमारा मैनिफेसटो सभी वर्गों से जुड़ा होगा और हम शीघ्र अपनी विस्तृत मैनिफेसटो निर्माण योजना एक पत्रकार सम्मेलन में घोषित करेंगे। दिल्ली भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर नियमित हमले करने के लिए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र गुप्ता के संयोजन में समिति गठित की है जिसकी भी आज प्रथम बैठक हुई जिसमा दिल्ली भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा ने समिति के लिए दिशानिर्देश सभी उपस्थित सदस्यों को समझाये। बैठक में दिल्ली विधानसभा चुनाव संचालन समिति संयोजक हर्ष मल्होत्रा, सह संयोजक दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय मंत्री मंजिनद्र सिंह सिरसा, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, प्रदेश मंत्री हरिश खुराना और अन्य सदस्य सम्मिलित हुए।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष सोनवानी गिरफ्तार, 45 लाख रुपए की रिश्वत लेने का आरोप

रायपुर, एजेंसी। सीबीआई ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष तमन सिंह सोनवानी को गिरफ्तार कर लिया है। सोनवानी पर कथित तौर पर 45 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। सीबीआई ने जुलाई में 2020 और 2022 के बीच अधिकारियों और राजनेताओं के रिश्तेदारों की भर्ती में अनियमितताओं के संबंध में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) की जांच अपने हाथ में ली थी। सीबीआई ने तब सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष तमन सिंह सोनवानी, पूर्व सचिव जेके ध्रुव और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। सीबीआई जांच से पता चला था कि सोनवानी के बेटे नितेश को डिप्टी कलेक्टर के रूप में चुना गया था, जबकि उनकी बहन की बेटी सुनीता जोशी को श्रम अधिकारी के रूप में चुना गया था। उनकी बहू निशा कोसले को डिप्टी कलेक्टर के रूप में चुना गया था। उनके परिवार के अन्य युवा छात्रों ने भी प्रीमियम स्थान हासिल किया था। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के लिए मेरिट सूची में छेड़छाड़ और हेराफेरी की कि उनके और उनके रिश्तेदारों के बेटे-बेटियों को डिप्टी कलेक्टर और पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) जैसे प्रीमियम पद मिले। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि 171 छात्रों की मेरिट सूची में शीर्ष अधिकारियों और राजनेताओं के बच्चे शामिल थे। एजेंसी ने एफआईआर में नामित लोगों के रायपुर और भिलाई स्थित आवासों पर व्यापक तलाशी ली थी।

छत्तीसगढ़ सरकार ने 'मूलवासी बचाओ मंच' पर लगाया प्रतिबंध, इसलिए घोषित किया 'गैरकानूनी'

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर क्षेत्र के माओवाद प्रभावित इलाकों में सक्रिय आदिवासी संगठन 'मूलवासी बचाओ मंच' पर प्रतिबंध लगाते हुए सोमवार को इसे 'गैरकानूनी' घोषित कर दिया। इस संबंध में गृह विभाग की ओर से 30 अक्टूबर को आदेश जारी किया गया था। छत्तीसगढ़ के गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में दावा किया गया है कि 'मूलवासी बचाओ मंच' माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और सुरक्षा बलों के संचालन के लिए स्थापित शिविरों का लगातार विरोध करता रहा है। इसके अलावा संगठन इन गतिविधियों के खिलाफ जनता को भड़काता रहा है। गौरतलब है कि 'मूलवासी बचाओ मंच' सुकमा और बीजापुर के विभिन्न इलाकों में शिविरों की स्थापना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और धरना दे रहा था। मंच के अधिकांश सदस्य आदिवासी युवा हैं, जिसने सुकमा में सिलगेर शिविर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भी सक्रिय रूप से भाग लिया था। आदेश में कहा गया है कि संगठन ने न्यायिक प्रशासन में हस्तक्षेप किया है, कानूनी रूप से स्थापित संस्थाओं की अवज्ञा को बढ़ावा दिया है, जिसके कारण सार्वजनिक व्यवस्था और शांति में गड़बड़ी हुई है, जिससे नागरिकों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी का महिलाओं पर विवादित बयान से बखेड़ा, महिला आयोग ने किया तलब

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब की 4 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव से पहले कांग्रेस सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के बयान से बखेड़ा खड़ा हो गया है। गिद्दड़बाहा में कांग्रेस उम्मीदवार अमृता वडिंग के लिए प्रचार करने आए चरणजीत सिंह चन्नी ने बीजेपी और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए महिला का उदाहरण देते हुए विवादित बयान दिया है। इस पर पंजाब महिला आयोग की अध्यक्ष राज लाली गिल ने संज्ञान लेते हुए चन्नी को नोटिस जारी कर जवाब देने को कहा है। उन्हें मंगलवार को मोहाली स्थित आयोग के दफ्तर में पेश होकर स्पष्टीकरण दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, चन्नी पर एफआईआर दर्ज करने की भी बात कही गई है। महिला आयोग ने कार्रवाई करने के लिए पंजाब के डीजीपी को पत्र लिखा है। चन्नी रविवार को गिद्दड़बाहा में कांग्रेस उम्मीदवार अमृता वड़िंग के पक्ष में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक कहानी सुनाते हुए महिलाओं को लेकर विवादित बयान दिया था। सासंद चन्नी इस ने कहानी को सुनाते हुए कहा था कि जट की दो पत्नियां हैं। दोनों एक-दूसरे को कुत्ते की बीवी कहकर बुलाती हैं। ऐसा ही कुछ हाल बीजेपी और आम आदमी पार्टी का है। इस बयान से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया

पर वायरल होने के बाद महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। पंजाब महिला आयोग राज लाली गिल ने कहा कि चन्नी ऐसे शब्दों से पंजाब की अमन शांति को भंग करना चाहते हैं। अगर महिलाएं चन्नी के खिलाफ सड़कों पर उतरती हैं तो वह उसके जिम्मेदार चन्नी और कांग्रेस उम्मीदवार अमृता वडिंग होगी। इस मामले में पंजाब की हर महिला को अमृता वडिंग की चुप्पी के खिलाफ और चन्नी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। कांग्रेस हाईकमान को चन्नी के खिलाफ एक्शन लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर शॉ कॉज नोटिस जारी किया जा रहा है और एक दिन के भीतर वह अपना जवाब दें। महिला आयोग ने कहा कि अगर सासंद चन्नी एक दिन के भीतर जवाब नहीं देते तो उनके खिलाफ सख्त एक्शन लेते हुए डीजीपी को चिट्ठी लिखी जाएगी और चरणजीत चन्नी पर केस दर्ज करवाया जाएगा।

विपक्ष के निशाने पर आए चन्नी, माफी मांगने की मांग : उधर, विपक्ष ने भी चन्नी के बयान की आलोचना की है। श्री आनंदपुर साहिब से आम आदमी पार्टी के सांसद मालविंदर सिंह कंग ने कहा कि चन्नी की मानसिकता पूरी कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को दर्शाती है। गिद्दड़बाहा से आप उम्मीदवार हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों ने कहा कि कांग्रेस ने एक महिला को उम्मीदवार तो बनाया है लेकिन उनके नेताओं की सोच देखिए, उसी महिला के पास खड़े होकर ऐसा आपत्तिजनक बयान देना निंदनीय है। ऐसा करके चन्नी ने महिलाओं का अपमान किया है। चन्नी पंजाब के सीएम रह चुके हैं उनके मुंह से ऐसे शब्द शोभा नहीं देते। महिला आयोग को चन्नी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस नेता चन्नी के इस बयान पर अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने भी आपत्ति जताई है। मजीठिया ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि गिद्दड़बाहा से प्रत्याशी अमृता वारिंग के साथ खड़े होकर भी बहनों के लिए गलत शब्द का इस्तेमाल करना चरणजीत चन्नी की मानसिकता को दर्शाता है। चरणजीत चन्नी को ऐसी अपमानजनक टिप्पणियों पर शर्म आनी चाहिए। गुरु साहिब के सिखों की कोई जाति नहीं होती। गुरु पातशाह ने हमारे बीच से सभी जात-पात, ऊंच-नीच को खत्म कर दिया। चरणजीत चन्नी को इस भेदभावपूर्ण सोच के लिए पंजाबियों से माफी मांगनी चाहिए। वहीं, भाजपा ने भी चरणजीत चन्नी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सिर्फ चन्नी की नहीं बल्कि पूरी कांग्रेस की मानसिकता है। उन्होंने पंजाब की महिलाओं, ब्राह्मणों और जाटों का अपमान किया है।

पहले भी विवादों में घिर चुके चन्नी : पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पहले भी अपनी टिप्पणियों को लेकर विवादों में घिर चुके हैं। इसी वर्ष हुए लोकसभा चुनाव के दौरान जालंधर में चन्नी बीबी जगीर कौर के गाल पर हाथ लगाने पर विवादों में घिर गए थे। उस समय भी मामला राज्य महिला चुनाव आयोग के पास चला गया था। हालांकि बाद में मामला शांत हो गया था। वहीं, केंद्र में भाजपा सरकार आने पर जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले होने के बयान के बाद भी आलोचना के शिकार बने थे। चरणजीत सिंह चन्नी ने भारतीय वायुसेना के काफिले पर हुए हमले को लेकर कहा था कि ये सभी स्टंट हैं, आतंकवादी हमले नहीं। ये बीजेपी का चुनाव से पहले का स्टंट है। बीजेपी लोगों की जिंदगी और शरीर के साथ खेल रही है।

हिमाचल में जल्द बनेगी कांग्रेस कमेटी, प्रतिभा सिंह ने राजीव शुक्ला से की मुलाकात

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस इकाई की पूर्व प्रमुख प्रतिभा सिंह ने सोमवार को राज्य पार्टी प्रभारी राजीव शुक्ला से

मुलाकात की। सिंह का कार्यकाल इस महीने की शुरुआत में पूरी इकाई के भंग होने के साथ खत्म हो गया था। पूरे मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि दोनों नेताओं की चर्चा केवल उत्तर भारतीय राज्य में पार्टी इकाई के पुनर्गठन पर केंद्रित थी, जहां कांग्रेस सत्ता में है। मामले से अवगत लोगों ने बताया कि सिंह और शुक्ला की बैठक एक घंटे से ज्यादा समय तक चली। राज्य में पार्टी के नए संगठन की स्थापना से पहले आने वाले दिनों में कुछ और विचार-विमर्श, विशेष रूप से पार्टी के शीर्ष स्तर पर, होंगे। पार्टी के दो वरिष्ठ नेताओं ने बताया कि सिंह का राज्य में काफी प्रभाव है, ऐसे में उनका पद बरकरार रखा जा सकता है। हालांकि पार्टी का एक अहम वर्ग इस आइडिया का विरोध कर रहा है। एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पुनर्गठित राज्य समिति छोटी होगी और एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत का पालन करेगी। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, जब पीसीसी का गठन किया गया था, तब जो भी राज्य इकाई का हिस्सा बनना चाहता था, उसे शामिल किया गया था। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न नेताओं ने अपने वफादारों को समिति में शामिल करने की कोशिश की। जिस कारण यह एक विशाल आकार पैनल बन गया था। अब, हमें प्रदेश कांग्रेस समिति का आकार कम करना होगा। हमारी सरकार स्थिर है और हम संगठन से कमियां निकाल सकते हैं। कांग्रेस ने लगातार चल रही उथल-पुथल के बीच 6 नवंबर को हिमाचल प्रदेश में पूरी पार्टी इकाई को भंग कर दिया था। इस साल की शुरुआत में कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी से 10 वोटों के अंतर के बावजूद राज्यसभा चुनाव जीतने में विफल रही। बड़े पैमाने पर क्रॉस-वोटिंग से कांग्रेस उम्मीदवार और वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी को हार का मुंह देखना पड़ा। कई नेताओं ने सिंह के वफादारों पर उंगली उठाई।

केरल में 8 कोच की वंदे भारत ट्रेनों को 20 कोच वाले वर्जन से बदलने की तैयारी

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। भारतीय रेलवे की ओर से अपने यात्रियों को जल्द ही एक और खुशखबरी मिलने वाली है। केरल में फर्राटा भरने वाली 8 कोच की वंदे भारत ट्रेनों को 20 कोच वाले वर्जन से बदलने की तैयारी है। तिरुवनंतपुरम-मंगलुरु-तिरुवनंतपुरम के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन (20631/20632) अलपुझा से होकर जाती है। रेलवे का कहना है कि इस ट्रेन में अक्सर काफी भीड़ देखी जाती है। कई लोगों के लिए खाली सीट तक नहीं मिलती। ऐसे में उन्हें यातायात के लिए किसी और साधन का इस्तेमाल करना पड़ता है। सीटों की कमी चलते कई लोग वंदे भारत से यात्रा करने से चूक जाते हैं। मंगलुरु से तिरुवनंतपुरम के लिए चलने वाली वंदे भारत ट्रेन (20631) में कुल 474 यात्री सीटें हैं। अगर 20 कोच वाली वंदे भारत दौड़ने लगेगी तो इनकी संख्या बढ़कर 1,246 हो जाएगी। भारतीय रेलवे की ओर से जल्द ही 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन लॉन्च हुई है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में बनीं 2 ऐसी ट्रेनें कुछ दिनों पहले दक्षिण रेलवे को सौंपी गईं। तिरुवनंतपुरम से मंगलुरु और तिरुनेलवेली से चेन्नई के बीच चलने वाली ट्रेनों को प्राथमिकता मिल सकती है। ये दोनों 8 कोच वाली ट्रेनें हैं और इनमें यात्रियों की भारी भीड़ देखी जाती है।

पंजाब-हरियाणा के किसान दे रहे नासा को चकमा, पराली जलाने पर कोरियाई सैटेलाइट ने दिखाई हकीकत

नईदिल्ली, एजेंसी। वायु प्रदूषण का आलम यह है कि दिल्ली-एनसीआर पर गैस चैंबर बन जाने का खतरा मंडरा रहा है। हालत बिगड़ते देख सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों को बंद करने का आदेश दे दिया है। कक्षाएं ऑनलाइन मोड में चलेंगी। इस बीच पंजाब और हरियाणा से चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। आंकड़ों में इस साल पराली जलाने की संख्या में कमी आई है, लेकिन विसेषज्ञों का एक वर्ग चिंतित है कि उत्तर पश्चिम भारत के किसान पराली जलाने के लिए नासा की सैटेलाइट से बच निकल रहे हैं। उनका मानना है कि किसानों ने नासा को चकमा देने का तरीका ढूंढ लिया है। कोरियाई सैटेलाइट ने इसका सबूत भी पेश किया है। इस बीच सोमवार को अकेले पंजाब में 1,251 पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की गईं। मुक्तसर जिला पराली जलाने की 247 घटनाओं के साथ राज्य में शीर्ष पर रहा, जबकि मोगा में 149 घटनाएं हुईं। फिरोजपुर में पराली जलाने की 130 घटनाएं, बठिंडा में 129, फाजिल्का में 94, फरीदकोट में 88, तरनतारन में 77 और फिरोजपुर में 73 घटनाएं दर्ज की गईं।

नासा को कैसे चकमा दे रहे किसान : पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर खेतों में आग लगने की घटनाओं की कम रिपोर्टिंग करने के आरोप लगे हैं। खेतों में आग लगने की घटनाओं पर नजर रखने वाले वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि कई किसान दोपहर के बाद धान के अवशेषों को आग लगा रहे हैं, ताकि सैटेलाइट से बच सकें। उधर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दावा किया है कि पिछले वर्षों की तुलना में खेतों में

आग लगाने की घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन दोपहर 3 बजे के बाद यह धड़ल्ले से हो रहा है। कोरियाई सैटेलाइट के रेडिएशन डेटा और इमेजनरी से पता चलता है कि नासा सैटेलाइट के ओवरपास होने के बाद पराली जलाई रही है।

क्या कह रहे नासा अधिकारी : नासा गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक हिरेन जेठवा ने 25 अक्टूबर को एक्स पर लिखा था, क्या उत्तर-पश्चिम भारत और पाकिस्तान के किसान पराली जलाने के लिए सैटेलाइट को चकमा दे रहे हैं? जीईओ-केओएमपी एसएटी 2ए सैटेलाइट तस्वीरों का बारीकी से निरीक्षण करने पर पता चला है कि दोपहर तीन बजे के बाद इन इलाकों में धुएं के गुबार दिखाई दे रहे हैं। जमीनी स्तर पर इनकी जांच की आवश्यकता है।

नासा का एक्वा सैटेलाइट और नासा-एनओएए का सुओमी-एनपीपी सैटेलाइट भारत और पाकिस्तान के ऊपर दोपहर 1.30 से 2 बजे के आसपास से गुजरता है। नासा के वैज्ञानिकों को आशंका है इसके बाद पराली जलाने की घटनाएं धड़ल्ले से की जा रही हैं। एक कोरियाई सैटेलाइट ने इसका प्रमाण भी दिया है।

मनोज वाजपेयी को जमीन खरीदने पर मिलेगा नोटिस, उत्तराखंड में खरीदी थी प्रॉपर्टी

अल्मोड़ा, एजेंसी। उत्तराखंड में बाहरी व्यक्तियों की जमीन खरीद-फरोख्त की जांच के बाद अब नोटिस भेजे जाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रशासन ने तय समय में तय शर्तों के तहत भूमि का उपयोग नहीं करने वालों की सूची तैयार कर ली है। इनमें मशहूर सिने स्टॉर मनोज वाजपेयी के अलावा कई उद्योगपतियों के नाम भी शामिल हैं। राज्य में भू-कानून की मांग के बीच सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बीते दिनों सभी जिला प्रशासन को बाहरी व्यक्तियों की ओर से खरीदी भूमि की सूची तैयार करने के निर्देश दिए थे। साथ ही, तय शर्तों का पालन नहीं किया था उनके खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई थी। इसके तहत अल्मोड़ा जिला प्रशासन बाहरी व्यक्तियों के भूमि खरीद का डाटा तैयार कर 23 लोगों की सूची बना ली है। इनमें से 11 के नाम सार्वजनिक भी हो चुके हैं। शेष अन्य को नोटिस जारी करने की तैयारी है। इनमें मशहूर फिल्म स्टार मनोज वाजपेयी का नाम भी शामिल है। प्रशासनिक अधिकरियों के मुताबिक नोटिस जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। संबन्धित को जवाब देने का तय

समय दिया जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर भूमि को निहित करने की कार्रवाई की जाएगी। मुंबई के उद्योगपति की भूमि होगी जब्त बाहरी व्यक्तियों की ओर से गलत तरीके से भूमि खरीदने के मामले में मुंबई के उद्योगपति की भूमि जब्त की जा चुकी है। उद्योगपति ने मानकों को पूरा किए बिना चितई के पास 108 भूमि खरीदी थी। मामले में जिला प्रशासन ने उद्योगपति को नोटिस जारी किया था। पूछताछ के बाद भूमि खरीद बैनामे को अमान्य घोषित किया था। उद्योगपति ने कुमाऊं कमिश्नर के दरबार में गुहार को खारिज कर दिया गया है।

सबसे ज्यादा 11 नाम अल्मोड़ा में शामिल : जिला प्रशासन की सूची में अब तक 23 लोगों के नाम हैं। इनमें सबसे ज्यादा 11 नाम अल्मोड़ा में हैं। रानीखेत में पांच, लमगड़ा में तीन, स्याल्दे में दो और सल्ट और द्वाराहाट में एक-एक मामले हैं। इनमें से आठ मामले कोर्ट में लंबित हैं। पांच पर कार्रवाई हो चुकी है। शेष अन्य को कारण बताओ नोटिस दिया जाना है।

योग और मेडिटेशन के लिए खरीदी थी 15 नाली भूमि : सिने स्टार मनोज वाजपेयी ने वर्ष 2021 में लमगड़ा ब्लॉक के कपकोट में 15 नाली भूमि खरीदी थी। उन्होंने भूमि का उपयोग योग व मेडिटेशन सेंटर बनाने के लिए करने की बात कही थी। लेकिन चार साल बीतने के बाद भी उन्होंने भूमि का तय शर्तों पर उपयोग नहीं किया है। ऐसे कई अन्य लोग भी सूची में शामिल हैं, जिन्होंने तय शर्तों पर भूमि का उपयोग नहीं किया है। अल्मोड़ा के डीएम आलोक कुमार पांडेय का कहना है कि जिन लोगों ने तय शर्तों के मुताबिक खरीदी भूमि का उपयोग नहीं किया उनको नोटिस भेजे जा रहे हैं।

महाराष्ट्र चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के तेवर ढीले, कहा- सीएम पद को लेकर अड़ियल रुख नहीं अपनाएगी पार्टी

नई दिल्ली, एजेंसी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच महाविकास आघाडी (एमवीए) के हिस्से के रूप में कांग्रेस भले ही मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी करती रही हो पर परिणाम के बाद पार्टी अड़ियल रुख नहीं अपनाएगी। एमवीए को एकजुट रखने के लिए पार्टी मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी से पीछे हट सकती है। गौरतलब है कि इस गठबंधन में कांग्रेस, एनसीपी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) शामिल है। इससे पहले कई मौकों पर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने मुख्यमंत्री पद के लिए पार्टी की दावेदारी पेश की है। वहीं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एमवीए गठबंधन में सबसे अधिक सीट पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी को उम्मीद है कि विदर्भ में बेहतर प्रदर्शन के जरिए वह गठबंधन में सबसे अधिक सीट जीतने में सफल रहेगी। ऐसे में एमवीए बहुमत का आंकड़ा हासिल करने में सफल रहता है तब भी पार्टी जल्दबाजी नहीं करेगी। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि ऐसी स्थिति बनती है तो भी पार्टी अपनी तरफ से कोई ऐलान नहीं करेगी। पार्टी एमवीए के तमाम वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा के बाद आगे कदम बढ़ाएगी। यह सवाल किए जाने पर कि अगर कांग्रेस के सबसे बड़ा दल बनने के बावजूद एमवीए का कोई और घटक दल सीएम पद पर अपनी दावेदारी जताता है तो, इस पर उन्होंने कहा है कि पार्टी एमवीए की

एकजुटता को तरजीह देगी। जानकारों की माने तो मौजूदा राजनीतिक माहौल में इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच एकजुटता अहम है। सिर्फ मुख्यमंत्री पद के लिए एमवीए की एकजुटता को दांव पर नहीं लगाया जा सकता। दरअसल एमवीए के अंदर पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद पर अपनी दावेदारी जताते रहे हैं। इसके साथ वरिष्ठ नेता शरद पवार की बेटी और सांसद सुप्रिया सुले भी दावेदार हैं।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि एमवीए में मुख्यमंत्री पद पर कोई झगड़ा नहीं होगा। एमवीए जीत की दहलीज तक पहुंचता है, तो गठबंधन के बड़े नेता पहली मुलाकात में मुख्यमंत्री पर फैसला कर लेंगे। हालांकि वह मानते हैं कि महाराष्ट्र कांग्रेस का एक बड़ा तबका मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी जता रहा है पर इस बारे में अंतिम निर्णय गठबंधन को एकजुट रखते हुए किया जाएगा।

हरियाणा में 1.2 लाख कर्मचारियों को पक्का करने का बिल विधानसभा में पारित

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले किए गए अपने वादे को पूरा कर दिया है। हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन सरकार ने हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी (सेवा की सुनिश्चितता) विधेयक, 2024 पारित कर दिया। इससे पांच साल से अनुबंध पर काम कर रहे 50 हजार रुपए तक वेतन वाले 1.20 लाख कर्मचारियों की सेवाएं 58 साल की आयु तक सुर?क्षित हो गई हैं। हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी (सेवा की सुनिश्चितता) विधेयक, 2024 पारित होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं प्रदेश के मेरे सभी 1.20 लाख कच्चे कर्मचारियों को पक्का होने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। आज आपके हितों की रक्षा के लिए लोकतंत्र के मंदिर में विधेयक पारित हो गया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने नायब सिंह सैनी कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में हरियाणा कौशल रोजगार निगम, आउटसोर्स नीति के तहत लगे 1 लाख 20 हजार कर्मचारियों की सेवाओं को सेवानिवृति की तिथि तक सुरक्षित करने का निर्णय लिया है। इसी उद्देश्य के लिए सरकार हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी (सेवा की सुनिश्चितता) विधेयक, 2024 लेकर आई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 50,000 रुपए के वेतन की सीमा से ऊपर के कर्मचारियों की सेवाओं को सुरक्षित करने के लिए भी

विधेयक लाया जाएगा। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस के समय ठेकेदार के माध्यम से लगे कर्मचारियों का शोषण होता था। ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों को पूरा मानदेय नहीं दिया जाता था। यदि कोई कर्मचारी इस बारे अपनी आवाज उठाता था, तो उसे नौकरी से बाहर कर दिया जाता था। कर्मचारी परेशान थे। वर्तमान राज्य सरकार ने कांग्रेस की इन गलत नीतियों को दुरुस्त करने का काम किया। इसी उद्देश्य से कर्मचारियों को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने 1 अप्रैल, 2022 को हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन किया। 2 लाख अतिरिक्त पक्की नौकरियां भी मिलेंगी मुख्यमंत्री ने कहा कि निगम के तहत भर्तियों में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। इस निगम के तहत पहले से कार्य कर रहे कच्चे कर्मचारियों को पोर्ट किया गया। नए कर्मचारियों को भी नियुक्ति प्रदान की गई है। राज्य सरकार ने डेप्लॉयमेंट ऑफ कॉटरेक्चुअल पॉलिसी के तहत पैरामीटर तय किए हैं। जिसके घर में कोई नौकरी न हो, आयु के आधार पर तथा कौशल के आधार पर युवाओं को वेटेज दी गई है। 32 प्रतिशत आरक्षण देते हुए पिछड़ा वर्ग के 41,376 युवाओं और सामान्य वर्ग के 53,993 युवाओं को नौकरी दी गई है। नायब सैनी ने कहा कि आगामी समय में राज्य सरकार द्वारा 2 लाख अतिरिक्त पक्की नौकरियों को बिना पर्ची-बिना खर्ची के पारदर्शी तरीके से युवाओं को देने का काम किया जाएगा।

इंडिया-ऑस्ट्रेलियाः

भारतीय टीम ने विस्फोटक ओपनर को किया टीम से बाहर, इस बल्लेबाज की हुई वापसी

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय पुरुष टीम के बाद महिला टीम भी जल्द ही ऑस्ट्रेलिया रवाना होने वाली है। बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए महिला टीम का ऐलान कर दिया है।

यह सीरीज वनडे चैंपियनशिप का हिस्सा है और भारत के लिए काफी अहम है। बीसीसीआई ने टीम में बड़ा बदलाव किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद युवा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को टीम से बाहर कर दिया गया है। शेफाली वर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन पारियों में केवल 56 रन बनाए थे। ऐसे में टीम ने उन्हें ड्रॉप करने का फैसला किया है। शेफाली की जगह प्रिया पुनिया या फिर यस्तिका भटिया को स्मृति मंधाना के साथ ओपनिंग करने का मौका मिल सकता है।

भारत की टीम

हरमनप्रीत कौर , स्मृति मंधाना , प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, यास्तिका भाटिया , ऋचा घोष , तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु , अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकुर

विराट कोहली का है ये आखिरी ऑस्ट्रेलिया टेस्ट दौरा! सौरव गांगुली ने की बड़ी भविष्यवाणी

नईदिल्ली, एजेंसी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले कई मैचों से विराट कोहली की फॉर्म उनका साथ नहीं दे रही है. साल 2024 भी कोहली के लिए अब तक अच्छा साबित नहीं हुआ है. न तो बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कोहली का बल्ला चला और न ही न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में. क्योंकि विराट कोहली के नाम ऑस्ट्रेलिया में कई टेस्ट रिकॉर्ड दर्ज हैं, इसलिए फैंस बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनकी फॉर्म के लौटने की उम्मीद कर रहे हैं. भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी कोहली की फॉर्म को लेकर कई बातें कहीं और विराट के ऑस्ट्रेलिया टेस्ट दौरे पर भविष्यवाणी भी की.

गांगुली ने कोहली को लेकर की बड़ी भविष्यवाणी

सौरव गांगुली का मानना है कि यह सीरीज विराट कोहली के लिए खास तौर पर अहम हो सकती है, क्योंकि यह ऑस्ट्रेलिया में उनका आखिरी टेस्ट दौरा हो सकता है. 36 साल के हो चुके कोहली के लिए भविष्य में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलना मुश्किल हो सकता है. इस बारे में बात करते हुए गांगुली ने कहा, वह एक चैंपियन बल्लेबाज हैं और उन्होंने पहले भी ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया है. उन्होंने 2014 में वहां चार शतक और 2018 में एक शतक लगाया था. वह इस सीरीज में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे और उन्हें इस बात का भी अहसास होगा कि यह उनका आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा हो सकता है.

कोहली के खराब फॉर्म से चिंतित नहीं हैं गांगुली

सौरव गांगुली ने विराट कोहली के खराब प्रदर्शन पर ज्यादा चिंता नहीं जताई और कहा, न्यूजीलैंड की पिचें बल्लेबाजी के लिए काफी मुश्किल थीं, लेकिन कोहली को ऑस्ट्रेलिया में अच्छे विकेट मिलेंगे. मुझे पूरी उम्मीद है कि वह इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करेंगे.

इंडिया-ऑस्ट्रेलिया पर्थ टेस्टः

3 पेसर या 2 स्पिनर...

पर्थ टेस्ट से पहले टीम इंडिया में महाउलझन

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांच मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में 22 नवंबर से खेला जाना है, लेकिन इस टेस्ट में भारतीय टीम कई मोर्चे पर जूझ रही है. मतलब, ओपनर्स से लेकर मिडिल ऑर्डर और गेंदबाजी में भारतीय टीम का कॉम्बिनेशन क्या होगा, इसे लेकर कई सवाल हैं. भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से अहम है. रोहित शर्मा के इस टेस्ट मैच से बाहर होने के बाद कप्तानी बुमराह के हाथों में होगी. ऐसे में बुमराह को हेड कोच गौतम गंभीर के साथ इस बात पर मंथन करना होगा कि प्लेइंग-11 कैसी होगी. सबसे ज्यादा गेंदबाजी को लेकर खुद बुमराह को मंथन करना होगा.

दोनों टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट की मेजबानी करने वाले ऑप्टस स्टेडियम की पिच से 'अच्छा उछाल और गति' मिलेगी जैसी पारंपरिक रूप से पर्थ की पिच होती है. मैच शुरू होने से कुछ दिनों पहले वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के मुख्य क्यूरेटर इसाक मैकडोनाल्ड ने कहा था, यह ऑस्ट्रेलिया है, यह पर्थ है... मैंने काफी अच्छी गति और काफी अच्छे उछाल की तैयारी की है.'

मैकडोनाल्ड उसी तरह की पिच तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं जो उन्होंने पिछले साल दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए तैयार की थी. ऐसे में क्यूरेटर इसाक की बातों पर गौर करें तो भारतीय टीम इस टेस्ट मैच में कम से कम तीन पेसर खिलाएगी. यानी 3 फेवरेट पेसर के तौर पर खुद बुमराह के अलावा मोहम्मद सिराज और आकाश दीप का खेलना तय माना जा रहा है. वहीं, इस टेस्ट मैच को लेकर यह दावा भी किया जा रहा है कि टीम में नीतीश रेड्डी को मौका मिलेगा, अगर ऐसा हुआ तो वह टीम में चौथे पेसर का विकल्प होंगे.

चूंकि पर्थ की पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जा रही है, ऐसे में इस बात की संभावना बहुत कम है कि स्पिनर रवींद्र जडेजा और अश्विन दोनों को मौका मिलेगा. दूसरी तरफ, न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर सुंदर बाद में लाया गया था.

उन्होंने कमाल का प्रदर्शन करते हुए 2 टेस्ट मैचों में 16 विकेट झटके थे और बल्ले से 89 रन भी बनाए. ऐसे में इस बात की संभावना है कि सुंदर को तरजीह मिले. सुंदर के साथ एक और एडवांटेज यह भी है कि वह पिछली बार ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर गए थे. वह बल्लेबाजी में भी प्रभावशाली हैं. उनका घरेलू क्रिकेट में भी इस बार शानदार प्रदर्शन रहा था.

यशस्वी के साथ राहुल होंगे ओपनर!

केएल राहुल भारत-ए के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर चोटिल हो गए थे. लेकिन अब राहुल को लेकर खबर है कि वह पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं. ऐसे में केएल राहुल यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंगकर सकते हैं. वहीं शुभमन गिल के पर्थ टेस्ट में खेलने की संभावना ना के बराबर है. क्योंकि उनके बाएं अंगूठे में फैक्चर है. ऐसे में वह अब एडिलेड में 6 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में खेल पाएंगे. मिडिल ऑर्डर में कोहली, सरफराज, ऋषभ पंत होंगे.

जुरेल का खेलना तय, पंत करेंगे कीपिंग

ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ मैच में विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने प्रभावित किया था. उन्होंने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दो पारियों में 80 और 68 रन बनाए. ऐसे में टीम में स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के तौर पर खेल सकते हैं. इस बात की वकालत टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने भी की है. वहीं मैच में पंत विकेटकीपिंग करते हुए दिखेंगे.

नंबर-3 पर कौन संभालेगा मोर्चा?

रोहित की गैरमौजूदगी में पारी के आगाज की जिम्मेदारी यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के कंधों पर हो सकती है. इस चुनौतीपूर्ण सीरीज में विराट कोहली चौथे नंबर पर ही उतरना चाहेंगे. इसी क्रम पर विराट ने अपने टेस्ट करियर के 29 में से 25 शतक जमाए हैं.

ऐसे में तीसरे नंबर पर सरफराज खान को आना पड़ेगा. इसके बाद 5वें नबंर पर ऋषभ पंत टीम इंडिया को मजबूती दे सकते हैं.

पर्थ टेस्ट के लिए भारत की प्लेइंग 11:

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, सरफराज खान, विराट कोहली, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा/सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप.

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय स्क्वॉडः

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर.

पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉडः

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क.

भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा (नवंबर 2024 - जनवरी 2025)

22-26 नवंबर-पहला टेस्ट, पर्थ
6-10 दिसंबर-दूसरा टेस्ट, एडिलेड
14-18 दिसंबर- तीसरा टेस्ट, ब्रिस्बेन
26-30 दिसंबर- चौथा टेस्ट, मेलबर्न
03-07 जनवरी- पांचवा टेस्ट, सिडनी

फिनस्वीमिंगः

पश्चिम बंगाल ने राष्ट्रीय फिनस्विमिंग में जीती टीम चैंपियनशिप

उत्तराखंड तीसरे स्थान पर रहा

नई दिल्ली, एजेंसी। अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन (यूएसएफआई) द्वारा युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय चैंपियनशिप में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 1500 प्रतिभागियों ने प्रतिनिधित्व किया। पश्चिम बंगाल के तैराकों ने चौथी राष्ट्रीय फिनस्विमिंग में कुल 151 पदकों के साथ टीम चैंपियनशिप का ताज जीता। उसके खाते में 67 स्वर्ण, 43 रजत और 41 कांस्य पदक रहे। उपविजेता कर्नाटक (50 पदक) के तैराकों ने 17 स्वर्ण, 18 रजत और 15 कांस्य पदक जीते। 21 पदकों के साथ उत्तराखंड को तीसरा स्थान मिला। उन्होंने 8 स्वर्ण, 6 रजत और 7 कांस्य पदक जीते। हरियाणा ने भी 21 पदक (6 स्वर्ण, 10 रजत और 5 कांस्य) जीते लेकिन उत्तराखंड से 2 स्वर्ण कम जीतने के कारण उसे चौथा स्थान मिला। मेजबान दिल्ली ने 11 पदक (3 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य) जीते और पदक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि द्रोणाचार्य अवार्डी हॉकी कोच डॉ. ए के बंसल ने विजेताओं को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए। अंडरवाटर स्पोर्ट्स फेडरेशन (यूएसएफआई) द्वारा युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय चैंपियनशिप में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 1500 प्रतिभागियों ने प्रतिनिधित्व किया। 19 राज्यों की टीमों के तैराकों ने एक या अधिक पदक जीते हैं। यूएसएफआई के सचिव डॉ. तपन पाणिग्रही ने पदक विजेताओं को बधाई दी।

आईपीएल नीलामी से पहले ऋषभ पंत के पोस्ट से मचा बवाल

पैसों के लिए नहीं छोड़ी दिल्ली कैपिटल्स...

नईदिल्ली, एजेंसी। ऋषभ पंत ने दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपने अलगाव पर चुप्पी तोड़ी है. उन्होंने एक पोस्ट कर यह बात साफ कर दी कि इस आईपीएल टीम से उन्होंने पैसों के लिए नहीं छोड़ा. पंत ने Star स्श्रुशह्लह्वा के एक वीडियो का जवाब दिया, जिसमें सुनील गावस्कर ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले दिल्ली द्वारा अपने कप्तान को रिटेन ना करने के पीछे के कारण को समझा रहे थे.

वीडियो में सुनील गावस्कर ने कहा कि उनका मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स और ऋषभ पंत के बीच विकेटकीपर-बल्लेबाज की रिटेंशन फीस को लेकर असहमति हो सकती है. गावस्कर ने इस दौरान यह भी कहा कि कैपिटल्स 24 और 25 नवंबर को होने वाली मेगा नीलामी में पंत को वापस खरीदने की कोशिश करेगी.

सऊदी अरब के जेद्दा में आईपीएल 2025 की नीलामी से पहले ऋषभ पंत ने इस वीडियो पर रिएक्ट किया और कहा उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स की टीम पैसों के लिए नहीं छोड़ी. पंत ने गावस्कर के एक वीडियों पर रिएक्ट किया. दिल्ल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज रहे पंत ने इस पोस्ट में लिखा- यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि मेरा रिटेशन पैसे को लेकर नहीं था. ??

आखिर गावस्कर ने वीडियो में पंत को लेकर क्या कहा?

गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा- मुझे लगता है कि दिल्ली कैपिटल्स ऋषभ पंत को अपनी टीम में वापस चाहेगी. कभी-कभी, जब किसी खिलाड़ी को रिटेन करना होता है, तो उम्मीद के मुताबिक फीस को लेकर फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों के बीच बातचीत होती है. जैसा कि कुछ खिलाड़ी जिन्हें

उनकी फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया है, उन्होंने नंबर 1 रिटेंशन फीस की अधिक की मांग की है. इसलिए स्पष्ट रूप से मुझे लगता है कि वहां कुछ असहमति हो सकती है, लेकिन मुझे लगता है कि दिल्ली ऋषभ पंत को वापस चाहेगी.

आईपीएल के मेगा ऑक्शन से पहले दिल्ली कैपिटल्स ने चार खिलाड़ियों को रिटेन किया था. इनमें अक्षर पटेल को 16.5 करोड़ रुपये, कुलदीप यादव को 13.5 करोड़ रुपये, साउथ अफ्रीका के स्टार ऑलराउंडर स्टार ट्रिस्टन स्टब्स को 10 करोड़ रुपये और अनकैप्ड विकेटकीपर अभिषेक पोरेल को 4 करोड़ रुपये में रिटेन किया था.

2 करोड़ रुपए है पंत का बेसप्राइज

ऋषभ पंत आईपीएल 2016 से दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े हुए थे. लेकिन इस बार उन्होंने ऑक्शन में उतरने का मन बनाया है. पंत का आईपीएल में बेस प्राइज 2 करोड़ रुपए है. ऐसे में कई टीम उन पर दांव लगा सकती हैं. ढ्ढक्क 2025 का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को होना है. इसका आयोजन सऊदी अरब के जेद्दा में है. आईपीएल की मेगा नीलामी के लिए कुल 1574 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था. इनमें 1165 भारतीय खिलाड़ी थे. लेकिन अब इस लिस्ट में छंटनी के बाद नीलामी में कुल 574 खिलाड़ी शामिल होने वाले हैं. इनमें से 366 भारतीय और 208 विदेशी हैं, जिनमें एसोसिएट टीमों के तीन खिलाड़ी शामिल हैं.

पंत ने पहले ही दिए थे टीम छोड़ने के संकेत

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 12 अक्टूबर को ही सोशल मीडिया पर एक रहस्यमय पोस्ट के बाद इंटरनेट पर सनसनी मचा दी थी.तब स्टार विकेटकीपर ने पूछा कि अगर वह मेगा ऑक्शन में जाते हैं तो क्या उन्हें कोई खरीदेगा या नहीं, अगर खरीदा तो कीमत क्या होगी.

भारत को मलेशिया ने 1-1 ड्रा पर रोका

हैदराबाद, एजेंसी। भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों को राष्ट्रीय पुरुष टीम के मनोलो मार्क्वेज के नेतृत्व में अपना पहला मैच जीतने के लिए मार्च तक इंतजार करना होगा, क्योंकि मेजबान टीम को सोमवार को यहां गाचीबावली स्टेडियम में मलेशिया के विरुद्ध 1-1 से ड्रा करना पड़ा।

मैच के शुरुआती क्षणों में भारत अपनी स्थिति मजबूत कर रहा था, लेकिन कप्तान गुरप्रीत सिंह संधू की शुरुआती गलती के कारण गोल पर मिले फ्री पास पर पाउलो जोसु ने गोल कर मेहमान टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी, इससे पहले राहुल भेके ने ब्रैंडन फर्नांडिस द्वारा लिए गए कॉर्नर से बराबरी का गोल किया, जिन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और टीमों को बराबरी पर ला दिया। मैच के 19वें मिनट में मलेशिया के आजम आजमी मुराद ने गेंद को क्लीयर किया, जिसे गोलकीपर गुरप्रीत ने क्लीयर करने के प्रयास में बाहर की ओर दौड़ लगाई।

उनकी गलत समझ के कारण गेंद आने वाले पाउलो के पैरों तक पहुंच गई, जिन्होंने बिना किसी गलती के इसे इसे गोल में पहुंचा दिया। भारत ने इसके बाद विपक्षी गोल पर हमला करना बंद नहीं किया और अधिकांश हमले विंग्स से किए गए, जिसमें लालियानजुआला चांगटे उत्प्रेरक की भूमिका में थे। 39वें मिनट में रणनीति कारगर साबित हुई, जब ब्रैंडन ने कॉर्नर लेने के लिए कदम बढ़ाया, जिसे चांगटे ने जीता और एक शानदार गेंद डाली, लेकिन भेके ने गेंद को नेट में पहुंचा दिया।

मलेशिया ने दूसरे 45 मिनट में बेहतर मौके बनाए, लेकिन भारत ने अपने कब्जे का उचित हिस्सा बनाए रखा और दोनों पक्षों को कोई मौका नहीं मिला, जिससे मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम में शामिल मोहम्मद शमी

नई दिल्ली, एजेंसी। लगभग एक साल की लंबे चोट के बाद रणजी ट्रॉफी में बेहतरीन वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम में नामित किया गया है। यह टूर्नामेंट 23 नवंबर से शुरू हो रहा है, और बंगाल का पहला मुकाबला पंजाब के खिलाफ होगा। इस बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल टीम की कप्तानी सुदीप घरामी के हाथों में होगी, जबकि रणजी ट्रॉफी में कप्तानी अनुस्तुप मजूमदार ने संभाली थी।

शमी ने अपनी वापसी रणजी ट्रॉफी के जरिए की थी, जहां उन्होंने मध्य प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में चार और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए थे। यह प्रदर्शन उनकी फिटनेस और फॉर्म में सुधार का संकेत माना जा रहा है।

मैच के दौरान कोकीन लेने का आरोप, न्यूजीलैंड के लिए 28 टेस्ट खेले

कीवी पेसर डग ब्रेसवेल पर एक महीने का बैन लगा

नईदिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज डग ब्रेसवेल पर कोकीन लेने के आरोप में एक महीने का बैन लगाया गया है। इस साल जनवरी में सेंट्रल स्टैग्स और वेलिंगटन के बीच खेले गए टी20 मैच के बाद वे कोकीन लेकर खेलने की वजह से पॉजिटिव पाए गए थे। इस मैच में ब्रेसवेल ने मैच विनिंग पारी खेली थी, उन्होंने पहले गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए थे, उसके बाद 11 गेंद में 30 रन बनाए।

जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया था। स्पोर्ट्स इंटीग्रिटी कमीशन ने ब्रेसवेल पर 1 महीने का बैन लगाया था। स्पोर्ट्स इंटीग्रिटी कमीशन ने लगाया बैन स्पोर्ट्स इंटीग्रिटी कमीशन ते काहू रौनुई ने न्यूजीलैंड के क्रिकेटर पर प्रतिबंध

लगाया। हालांकि, कोकीन का सेवन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले किया गया था और इसलिए, उन्हें कम सजा मिली। शुरू में तीन महीने की सजा को घटाकर एक महीने का कर दिया गय। जिसके बाद एक महीने का निलंबन अप्रैल 2024 तक के लिए रोक दिया गया। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ने पहले ही अपना प्रतिबंध पूरा कर लिया है, जिससे वह किसी भी समय क्रिकेट खेलना फिर से शुरू कर सकते हैं।

2023 में न्यूजीलैंड के लिए खेला था आखिरी टेस्ट मैच

डग ब्रेसवेल पूर्व क्रिकेटर माइकल ब्रेसवेल के भाई हैं। उन्होंने आखिरी बार न्यूजीलैंड के लिए मार्च 2023 में वेलिंगटन में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट खेला था। ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए 28 टेस्ट, 21 वनडे और 20 टी-20 मैच खेले हैं। 28 टेस्ट मैच में उन्होंने 74 विकेट चटकाए हैं। 21 वनडे मैच में उनके नाम 26 और 20 टी-20 मैच में उनके नाम 20 विकेट हैं। मार्च 2023 में वेलिंगटन में श्रीलंका के खिलाफ ब्रेसवेल ने अपना आखिरी मैच खेला था।

शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप

ब्रेसवेल का करियर ऑफ-फील्ड घटनाओं से जुड़ा रहा है। 2008 में 18 साल की उम्र में उन्हें शराब पीकर गाड़ी चलाने पर सजा मिली थी। इन सब के बाद भी, ब्रेसवेल ने 2011 में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया। ब्रेसवेल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था।

ग्राम पंचायत मनौर में व्यापक भ्रष्टाचार

पंच परमेश्वर, पांचवे वित्त, विधायक निधि की राशि में भारी फर्जीवाड़ा

पन्ना

पन्ना जिले की ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं मे व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार तथा फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। पंच परमेश्वर, पांचवे वित्त, विधायक निधी, मनरेगा योजना के माध्यम से ग्राम पंचायतो को सरकार द्वारा राशि दी जाती है तथा निर्माण एवं विकास कार्य कराने के लिए जिला पंचायत से लेकर जनपद पंचायत के अधिकारीयों द्वारा मानिटिरिंग की जाती है, उसके बावजूद भ्रष्टाचार रूकने का नाम नही लिया जा रहा था। क्योकि जिन अधिकारीयों द्वारा योजनाओं का क्रिन्यवयन किया जाता है उन्हीं के द्वारा भ्रष्टाचार कराया जाता है। ग्राम पंचायतों मे सचिव, सरपंच, उपयंत्री, रोजगार सहायक फर्जी बिल बाउचर लगाकर मन माने ढंग से शासकीय राशि को हड़प जातें है। बिना निर्माण कार्य कराये तथा सामग्री खरीदे फर्जी ढंग से बिल लगाकर निर्माण कार्यो की राशि ठिकाने लगा दी जाती है। इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत मनौर का सामने आया है, जहां पर भारी भ्रष्टाचार किया गया है, स्वतंत्रता दिवस के त्यौहार पर 16 हजार की राशि की बुंदी बाट दी गई है, इसी प्रकार विधायक निधी से दो स्थानो पर पक्के चबूतरो का निर्माण एक एक लाख रूपये की राशि से दर्शाये गये है। जबकी संबंधित स्थानो पर उक्त निर्माण कार्य आज दिनांक तक हुए ही नही है। इसी प्रकार जरूआपुर तालाब उसरा टोला में वेस्ट वियर का निर्माण पांच लाख तेईस हजार की राशि से दर्शाया गया है तथा गिट्टी, सीमेंट, लोहा, के नाम पर राशि निकाली गई है, तथा बिल बाउचर लगाये गये है, लेकिन उक्त वेस्ट वेयर का निर्माण कार्य आज दिनांक तक कराया ही नही गया है, लेकिन उक्त कार्य के बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित कर ली गई है। ग्राम पंचायत मनौर में इस प्रकार से व्यापक स्तर पर भारी फर्जीवाड़ा हुआ हैं। ग्राम पंचायत सरपंच प्रकाश मजुमदार है, जो हीरा का कार्य करता है। इसके अलावा अन्य निर्माण कार्य के बिल बाउचर लगाकर राशि निकाली गई है, हितैश ट्रैडर्स, बजरंग ट्रैडर्स सहित अन्य फर्मो के नाम से बिल बाउचर लगाकर राशि आहरित करके ठिकाने लगाई गई है। स्थानीय लोगो नें संबंधित मामले की जांच कराकर कार्यवाही कराने की मांग की है।

उच्च न्यायालय जबलपुर में केबियट दायर

पन्ना। गुनौर तहसील अंतर्गत बस स्टैण्ड एवं शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानों का निर्माण जनभागीदारी समिति द्वारा करवाया गया था। वर्ष 2006 में निर्माण कार्य प्रारंभ होने के उपरांत 2010 से आवंटित एवं नीलाम दुकानों का संचालन संबंधित दुकानदारों द्वारा किया जा रहा है, किन्तु पूर्ण निर्मित दुकानों की नीलामी राशि एवं किराया राशि जमा न होने की स्थिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति गुनौर द्वारा संबंधितों को निर्धारित राशि में 18 प्रतिशत वसूली नोटिस गत 28 अक्टूबर एवं 11 नवम्बर को दिए गए थे। वर्तमान में किराया राशि जमा करने व वसूल करने की कार्यवाही प्रचलित है। इस संबंध में संपूर्ण कार्यवाही के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के संबंध में उच्च न्यायालय जबलपुर में केबियट दायर की गई है। आगामी दिनों में सुनवाई नियत होने के कारण संबंधितजनों को निश्चित तिथि पर स्वयं अथवा अधिवक्ता की उपस्थिति के संबंध में सूचित किया गया है।

विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

पन्ना। पन्ना विकासखंड अन्तर्गत विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें गणित, विज्ञान पर्यावरण और सामाजिक विज्ञान विषय से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। उक्त प्रदर्शनी मेला में विकासखंड अन्तर्गत आने वाले विद्यालयों के छात्र छात्राओं नें भाग लिया तथा अपनी सहभागिता निभाई। विज्ञान प्रदर्शनी मेला में क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हुए। उनके द्वारा प्रदर्शनी मेला का अवलोकन किया तथा छात्र छात्राओं का उत्सहावर्धन किया। प्रदर्शनी मेला में छात्र छात्राओं द्वारा अनेक प्रकार के माडॅल रखे गयें थे। जिन्हे देखकर मुख्य अतिथि तथा अन्य लोगो ने सराहना की। विधायक श्री सिंह नें कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के मॉडल का उपयोग अपने घर परिवेश में भी छात्र छात्राए करें, जिससे आंगे बढनें के लिए प्रोत्साहन मिलता रहेाग। कार्यक्रम में जन शिक्षा केंद्र स्तर से चयनित होकर 70 छात्रों द्वारा विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया गया थ। जिसमें से प्रत्येक विषय से दो दो छात्रों का चयन जिला स्तर के लिए किया गया। अब इन छात्रों के प्रतियोगिता निर्धारित दिनांक को जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी। यह प्रदर्शनी बीआरसी पन्ना श्रीमती डॉक्टर कविता त्रिवेदी के मार्गदर्शन एवं बीएसी देवेश शर्मा और कुलदीप त्रिवेदी के निर्देशन में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का संचालन बीएसी रवि शंकर डनायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा केंद्र से डीपीसी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी सम्मिलित रहे।

वेतन वृद्धि स्वीकृति संबंधी आदेश जारी

पन्ना। शासकीय सेवकों को न्यायालयीन निर्णयों के आधार पर 30 जून अथवा 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त के पश्चात आगामी तिथि पर वेतन वृद्धि स्वीकृत संबंधी आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को 1 जुलाई अथवा 1 जनवरी की स्थिति में उनकी पात्रता के अनुसार काल्पनिक वेतन वृद्धि स्वीकृत की जाकर पेंशन के निर्धारण एवं पुनरीक्षण हेतु स्वीकृत आदेश जारी करने के संबंध में प्रशासकीय विभाग को अधिकृत किया गया है।

कलेक्टर ने शाहनगर में की राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

पन्ना

कलेक्टर सुरेश कुमार ने रविवार को जिले के दूरस्थ विकासखंड शाहनगर में राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों से सूदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामों में योजनाओं के क्रियान्वयन प्रक्रिया संबंधी जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने पटवारी बैठक में आगामी 15 दिसम्बर तक संचालित होने वाले राजस्व महाअभियान 3.0 के दृष्टिगत समयावधि में चिन्हित 11 बिंदुओं पर कार्यवाही सहित समस्त राजस्व प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। इसी तरह आगामी सोमवार को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत भी चयनित विषयों से संबंधित विशेषकर 100 दिवस के सीएम हेल्पलाइन प्रकरण, पीएम किसान के लंबित प्रकरण तथा सीमांकन मामलों के शत प्रतिशत निराकरण के लिए निर्देशित किया। अधिकारियों को कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर समय सीमा में कार्य संपादित कराने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियों की बैठक लेकर आयुष्मान कार्ड में शत प्रतिशत सैचुरेशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए।

जिले भर में अनेक स्थानों पर हो रही गांजे की खेती

अवैध शराब, जुंआ, सट्टा का कारोबार भी चरमसीमा पर, युवा पीढ़ी लगातार हो रही बर्बाद

पन्ना। शांति का टापू कहे जाने वाले मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में अब बड़े पैमाने पर अशांति की खेती (गाँजा) होने लगी है। आलम यह है कि महज दो दिन में ही यहाँ 12 क्विंटल 76 किलो 700 ग्राम गाँजा जप्त हुआ है। जिसकी अनुमानित कीमत 66 लाख 65 हजार रु. बताई गई है। अवैध रूप से अपने खेत में जिन दो लोगों द्वारा गाँजे की खेती की जा रही थी, उनको पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हीरा की खदानों, खूबसूरत घने जंगलों और भव्य मंदिरों के लिए प्रसिद्ध पन्ना जिला क्या आने वाले समय में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के लिए जाना जायेगा ? यह सोचकर ही मन खिन्न है, लेकिन आज की हकीकत तो यही है। पन्ना जिले के ग्रामीण इलाकों में ज्वार और अरहर के साथ

बड़े पैमाने पर गाँजा की खेती हो रही है। पन्ना पुलिस से मिली अधिकृत जानकारी के मुताबिक बीते शनिवार व रविवार को की गई छापामार कार्रवाही में जिले के बृजपुर व धरमपुर थाना क्षेत्र के दो ग्रामों में खेत में ज्वार और अरहर की फसल के साथ गाँजा के छोटे बड़े 3091 हरे पेड़ जप्त हुए हैं। पुलिस द्वारा की गई इस जप्ती से अंदाजा लगाया जा सकता है कि हालात कितने गंभीर व भयावह हैं। दबी जुबान से ग्रामीण भी यह बताते हैं कि घरों की बाड़ी से लेकर खेतों तक हर कहीं गाँजा के पेड़ लहलहा रहे हैं, नतीजतन युवा पीढ़ी नशे की लत का शिकार हो रही है। गाँजे की हो रही खेती के विरूद्ध गांव - गांव सघन अभियान चलाकर यदि कार्यवाही न की गई तो यह अवैध कारोबार पन्ना जिले के लिए नासूर साबित होगा। पिछले दो दिनों में पुलिस टीम की कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है - बृजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पनारी में 50 लाख रूपये का गाँजा जप्त बृजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पनारी में 50 लाख रूपये का गाँजा जप्त कर अवैध रूप से गाँजा की खेती करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 9 क्विंटल 43 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ (गाँजा) कीमती करीब 50 लाख रूपये का जप्त हुआ है। बृजपुर थाना पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्णा एस. थोटा ने बताया कि शनिवार को बृजपुर थाना क्षेत्र में गाँजा की खेती करने वाले 01 आरोपी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ (गाँजा) के छोटे-बड़े 2505 हरे पेड़ कुल वजनी 09 क्विंटल 43 किलो 600 ग्राम के जप्त किये गये हैं। आपने बताया कि मामले के सम्बन्ध में मुखबिर द्वारा सूचना दी गई थी कि ग्राम पनारी में साहब सिंह राजगौड़ अपने अधिपत्य वाले खेत में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) की खेती कर रहा है। थाना प्रभारी बृजपुर एवं थाना प्रभारी धरमपुर के नेतृत्व में गठित संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम पनारी मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर देखा तो एक खेत में 21-22 साल का व्यक्ति काम करते दिखा। पुलिस टीम द्वारा संदेही के अधिपत्य वाले खेत की तलाशी लिये जाने पर खेत में ज्वार के पेड़ो के साथ-साथ अरहर एवं मादक पदार्थ (गाँजा) के हरे पेड़ लगे होना पाये गये।

रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

पन्ना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) सुरेश कुमार ने जनपद पंचायत गुनौर अंतर्गत सरपंच एवं पंच पद के उप निर्वाचन के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के नियुक्ति की है। तहसीलदार गुनौर रत्नराशि पाण्डेय को रिटर्निंग अधिकारी तथा नायब तहसीलदार अमानगंज हेमंत अवधिया को सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुनौर को निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के दृष्टिगत रिटर्निंग अधिकारी को आवश्यक सहयोग के संबंध में निर्देशित किया गया है।

पन्ना जिले में गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत हिनौती अमानगंज में सरपंच के पद पर उप निर्वाचन होगा। इसके अलावा जनपद पंचायत गुनौर की विभिन्न ग्राम पंचायतों के वार्डों में रिक्त पंच के पद पर भी उप निर्वाचन कराया जाएगा। सरपंच पद के लिए तीन मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जिसके तहत शासकीय पंचायत भवन हिनौती अमानगंज सहित शासकीय माध्यमिक शाला हिनौती अमानगंज के उत्तरी एवं दक्षिणी भाग को मतदान केन्द्र बनाया गया है, जबकि पंच पद के उप निर्वाचन के लिए शासकीय माध्यमिक शाला महगुंवाखुर्द, शासकीय प्राथमिक शाला कांटी एवं गौरा, शासकीय माध्यमिक शाला बलगहा, शासकीय नवीन पंचायत भवन बरहाकला, शासकीय प्राथमिक शाला ककरहटा, शासकीय पंचायत भवन सुंगरहा, शासकीय माध्यमिक शाला मानिकपुरकला, शासकीय माध्यमिक शाला मडैयन तथा शासकीय पंचायत भवन नचने को मतदान केन्द्र बनाया गया है। पंच एवं सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए आगामी 9 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान होगा।

विभिन्न मामलों में आरोपी पर न्यायालय द्वारा मानहानि का मामला किया गया दर्ज

पन्ना। एससी एसटी एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी मुकेश पाठक के खिलाफ एक और मामला दर्ज हुआ है, प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री पाठक के द्वारा नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनोज केसरवानी व उनके प्रतिष्ठानों के संबंध में सोशल मीडिया में दुष्प्रचार कर बदनाम करते हुए ब्लैकमेल करने का प्रयास कर रहा था जिसके खिलाफ श्री केसरवानी के द्वारा न्यायालय की शरण ली गई। न्यायालय के द्वारा धारा 499, 500 भा0द0सं0 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस प्रकार मुकेश पाठक पर पन्ना जिले के विभिन्न थानों में 9 अपराध दर्ज हो चुके हैं। बताया गया है कि यह मामला नगर की प्रतिष्ठित संस्था मनहर महिला समिति से जुड़ा हुआ है, श्री केसरवानी की धर्मपत्नी मनहर महिला समिति की सदस्य हैं जो कुछ समय पूर्व अध्यक्ष भी चुनी गई थी, श्री पाठक पर मनहर महिला समिति में पूर्व अध्यक्ष के साथ मिलकर गवन करने का आरोप है, उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश पर प्रकरण दर्ज होने के बाद मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

शिद्ध चक्र महामंडल विधान का बृजपुर में हुआ शुभारंभ

पन्ना। बृजपुर कस्वा में सिद्धचक्र विधान महामंडल का शुभारंभ 18 नवम्बर से प्रारंभ हो गया है। जिसमें प्रथम दिवस महाराज विनियोग सागर महराज ने अपने प्रवचन देते हुए कहा कि महामंडल का बड़ा ही प्रभाव है, उक्त महामंडल से लोगो के अनेक तरह के पाप कट जाते है, तथा रोग बाधाए दूर हो जाती है। इसी संबंध में उन्होने एक कहानी सुनाते हुए कहा कि सिद्धचक्र विधान मंडल का इतिहास उज्जैन से जुड़ा है। पौराणिक काल में मैना सुंदरी के पति राजा श्रीपाल का कोढ़ इसी मंडल की पूजा से ठीक हुआ था। यह बात लक्ष्मीनगर में महावीर दिगंबर जैन मंदिर में दुर्लभमति माताजी ने बुधवार से शुरू हुए श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के दौरान प्रवचन में कही अपने पति के लिए पहली बार सिद्ध चक्र महामंडल विधान किया था। जब मैना सुंदरी की कहानी सिद्ध चक्र मंडल विधान से जुड़ी हुई है मैना सुंदरी एक राजकुमारी थी। उनकी शादी कोढ़ी पति से हुई थी। मैना सुंदरी ने अष्टान्हिका पर्व में सिद्ध चक्र विधान किया और अपने पति का कोढ़ रोग ठीक कर दिया। सिद्ध चक्र जैन धर्म में पूजा के लिए इस्तेमाल होने वाला एक यंत्र या मंडल है। इसे दिगबर जैन परंपरा में नवपद और दिगंबर परंपरा में नवदेवता के नाम से जाना जाता है। सिद्ध चक्र को एक कलश के रूप में दर्शाया गया है।

मतदाता जागरूकता के लिए इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब करें सक्रिय

पन्ना। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के विशेष सँक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में स्थानीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब को सक्रिय कर ईएलसी की बैठकें आयोजित करने, महाविद्यालयों में कैम्पस एम्बेसडर को सक्रिय करने, शासकीय-अशासकीय कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित करने, पंचायत एवं मतदान केन्द्र पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चुनाव पाठशाला के आयोजन, वृध अवेयरनेस ग्रुप को सक्रिय कर मतदान केन्द्र स्तर पर बैठकें आयोजित करने, संचार माध्यमों के जरिए जागरूकता, जिला स्तरीय स्वीप आइकॉन एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएन्सर के सहयोग से विभिन्न स्वीप गतिविधियों के आयोजन सहित जिला स्तर पर स्लोगन, निबंध, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिताओं के आयोजन, विभिन्न जागरूकता समूह के प्रशिक्षण तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

वायु प्रदूषण एवं ध्वनि प्रदूषण से होने वाले दुष्प्रभाव एवं नियंत्रण के संबंध में सुझाव

पन्ना। विश्व भर में वायु प्रदूषण मृत्यु का एक बड़ा कारक है। वैश्विक विश्लेषण के अनुसार देश की वायु गुणवत्ता को दुनिया में सबसे खराब स्थिति में रखा गया है। भारत में प्रतिवेदित कुल मृत्यु के 18 प्रतिशत प्रकरण वायु प्रदूषण से जनित रोगों से होना पाया गया है। इसी तारतम्य में सीएमएचओ डॉ. एस.के. त्रिपाठी द्वारा भारत सरकार के जारी दिशा निर्देशों के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए हैं। बताया गया है कि वायु प्रदूषण से मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है एवं गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं जैसे फेफड़ों का कैंसर, एलर्जी एवं संक्रमण, मानसिक रोग, गले में खराश या दर्द, हृदय रोग एवं स्ट्रोक उत्पन्न हो सकता है। वायु प्रदूषण को दैनिक क्रियाकलापों में सकारात्मक परिवर्तन करके नियंत्रित कर सकते हैं। जैसे अनावश्यक वाहनों के प्रयोग एवं अत्यधिक रूम फ्रेशनर का उपयोग करने से बचें। घर के अंदर लकड़ी, कोयला, गोबर के कंडे, कैरोसीन का उपयोग भोजन पकाने के लिए नहीं किया जाए। घर को गर्म करने के लिए लकड़ी अथवा कोयले वाली अंगीठियों का उपयोग नहीं करें, क्योंकि कार्बन मोनो ऑक्साइड के अधिक निर्माण से यह जानलेवा हो सकता है। बंद कमरों में अगरबत्ती, मच्छर भगाने वाली क्वायल आदि को जलाने से बचा जाए। ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दें। पौधारोपण करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें, वैकल्पिक ऊर्जा जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जल ऊर्जा का उपयोग करें। इसके अलावा जनसंख्या नियंत्रण में भागीदारी एवं अन्य जन जागरूकता उपाय शामिल हैं। प्रदूषण से बचाव के लिए अपने खानपान एवं दिनचर्या में अच्छी आदतों को शामिल करना चाहिए। घर के अंदर सफाई के लिए सूखा झाड़ू की अपेक्षा गीले पोंछे का उपयोग बेहतर विकल्प है। आंखों की स्वच्छता हेतु नेत्रों को बार-बार साफ पानी से धोना चाहिए। नीम की पत्तियों का सेवन, शहद, लहसुन, अदरक का यथासंभव सेवन, पानी का ज्यादा से ज्यादा सेवन, तुलसी के पत्तों का पानी, अदरक और सरसों के तेल की बूंद नाक में डालने से भी हानिकारक धूल से बचा जा सकता है। वातावरण को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, जिसे हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में सकारात्मक परिवर्तन द्वारा नियंत्रित कर सकते हैं।

समाधान ऑनलाइन विषय से संबंधित प्रकरणों का अविलंब करें शत प्रतिशत निराकरण: कलेक्टर

पन्ना

कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में विभागवार चयनित विषयों के लंबित प्रकरणों का अविलंब एवं शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दो दिवस में समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों सहित 100 दिवस से अधिक समयावधि के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी अनिवार्य रूप से तथा सड़क मरम्मत, पीएम किसान एवं सीमांकन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के लंबित प्रकरण भी गंभीरतापूर्वक निराकृत किया जाए।

कलेक्टर ने जिले की सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में सुधार के लिए इस सप्ताह प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण के लिए निर्देशित किया। पूर्व के निर्देशों के बावजूद अब तक लंबित मामलों के अपेक्षानुरूप कम निराकरण एवं प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयावधि में लंबित शिकायतें एवं प्रकरण निराकृत नहीं होने पर अथवा लापरवाही की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा। इसलिए शिकायतकर्ता से सतत संपर्क में रहकर प्रकरणों का उचित निराकरण करें। समस्त जिलाधिकारियों को विभाग अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों के कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए गए। टीएल बैठक में जिपं सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 20 नवम्बर 2024 | 8

कमिश्नर कार्यालय सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदनों पर जन सुनवाई की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी जन सुनवाई के आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करें। निराकरण की जानकारी आवेदक को भी अनिवार्य रूप से दें।

जनसुनवाई में विभाग प्रमुख अनिवार्यतः उपस्थित रहें : कलेक्टर

कलेक्टर ने 76 व्यक्तियों की सुनीं समस्यायें

रीवा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में 76 लोगों की समस्यायें सुनीं तथा विभिन्न विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर समाधान कारक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई में विभाग प्रमुख अनिवार्यतः उपस्थित रहें। उनके प्रतिनिधि किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों को पोर्टल में दर्ज कराते हुए विभागीय अधिकारी उसकी अद्यतन स्थिति के साथ उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने उपरहटी निवासी अजय सिंह की आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर रेडक्रास से दो हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने अनंतपुर निवासी कृष्णपाल सिंह के नक्शा तरमीम किये जाने के आवेदन पर तहसीलदार को तीन दिवस में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। अरूण कुमार अग्निहोत्री नकटा निवासी के अविवादित आराजी के स्थगन आदेश का पालन कराने के निर्देश नायब तहसीलदार गोविंदगढ़ को दिये। उन्होंने ढखरा के कालू के नक्शा तरमीम कराने, बड़ी दुआरी गुढ़ के रामलाल कुशवाहा के खसरा में नाम शामिल कराने तथा पतौता के रामसिपाही चौरसिया के बेदखली आदेश का पालन कराने के आवेदनों पर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने अरूण द्विवेदी लूक निवासी के वटांकन नक्शा तरमीम करने, बांस के रामलल्लू पटेल के खसरा सुधार करने, अमरीश पाण्डेय रीठी निवासी के पट्टा प्रदान करने के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जबकि पैरा डभौरा निवासी रमेश दीक्षित के सीमांकन करायें जाने व मनिगवां के धीराजू रजक के पुस्तैनी जमीन का कब्जा दिलाने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया। बीरेन्द्र सिंह निवासी चुंआ परिहारिन टोला ने स्वंय के पुत्र द्वारा मारपीट करने व बेसहारा करने का आवेदन दिया जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम को प्रकरण दर्ज कर पुलिस के माध्यम से कार्यवाही कराने के निर्देश किये। उन्होंने राजकली साहू निवासी गु? के प्रधानमंत्री मातृ वंदना की राशि प्रदाय कराये जाने के आवेदन को महिला एवं बाल विकास विभाग को तथा उमरी निवासी अनिरूद्ध सिंह के नाली निर्माण सहित अन्य कार्यों में फर्जी राशि आहरण करने के आवेदन को मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने भी आमजनों की समस्यायें सुनीं।

मानवता के कल्याण के लिए शिक्षा अहम : उप मुख्यमंत्री

एयूएपी के सामान्य सभा सम्मेलन में हुए शामिल

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मानवता के कल्याण के लिए शिक्षा अहम है। उपयुक्त, संस्कारयुक्त शिक्षा और समुचित उपचार की सुविधा, विकास को सार्थक बनाती है। विश्व के कल्याण के लिए सभी को एकजुट होकर सशक्त प्रयास करने होंगे। इस प्रयास में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में भारत वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा से कार्य कर रहा है। सभी सुखी हों, सभी निरोगी हों, सभी का कल्याण हो इसी मूलमंत्र से प्रयास जारी हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज एशिया एंड पैसिफिक (एयूएपी) के 17 वें सामान्य सभा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रोजगारपरक शिक्षा पर जोर दिया है। शैक्षणिक सामग्री और विभिन्न पाठ्यक्रम में वैश्विक आवश्यकतानुसार योग्यताओं को शामिल करने पर कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, वर्ष 2047 तक भारत शीर्ष में होगा। इस कार्य के लिए सभी का प्रयास जरूरी है, सही शिक्षा, सही कुशलता जरूरी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं को सशक्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 75 हजार एमबीबीएस सीटों की वृद्धि की जाने की घोषणा की गयी है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में शासकीय एवं निजी चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में 5 हजार एमबीबीएस सीट और 2250 पीजी सीट हैं। इन्हें आगामी 5 वर्षों में 8 हजार एमबीबीएस सीट और 5000 पीजी सीट तक ले जाने का लक्ष्य है।

रोजगार मेला आज

रोजगार मेले में 11 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

रीवा

शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा में 20 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 11 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 6000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में जीएमसीसी इंडिया लिमि. महसाणा फाटा अहमदनगर महाराष्ट्र, एलिगेंट कोटिंग प्रा. लि. औरंगाबद, वेलेंगी कलेक्टिविटी प्रा. लि. औरंगाबाद, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. इंदौर, द ई पाई डाट काम (हावेल्स सोलर प्लांट) रीवा, ग्रो फास्ट एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा तथा एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स लि. तथा भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

महादेवन में अतिक्रमण को लेकर बवाल, विधायक गिरफ्तार

मऊगंज। जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत खटखरी के पास ग्राम देवरा (महादेवन) में आज अतिक्रमण हटाने को लेकर जमकर बवाल हो गया। बताया गया है कि मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल महादेवन में मंदिर के बाउंड्रीबाल के अतिक्रमण को हटाने अपने समर्थकों के साथ गये थे जहां पर दूसरे पक्ष से विवाद होने पर लाठी एवं डण्डे चलने लगे। हालत बेकाबू होते देख प्रशासन तुरंत घटना स्थल पर पहुंच गया। खबर है कि प्रशासन ने विधायक को गिरफ्तार कर मऊगंज भेज दिया है। इस बीच ग्राम देवरा महादेवन में अनुविभागीय दण्डाधिकारी हनुमना द्वारा पुलिस अधीक्षक मऊगंज के प्रतिवेदन के आधार पर तत्काल धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू कर दिया है जो शाम 5 बजे से प्रभावशील है।

हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें

समाधान ऑनलाइन में लंबित प्रकरणों का तीन दिवस में निराकरण करें : कमिश्नर

रीवा। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। अगले सप्ताह से इनकी नियमित समीक्षा की जाएगी। निर्धारित विभागीय लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक प्रकरण तैयार करके आगामी 10 दिनों में बैंकों में दर्ज कर दें। बैंकों के साथ सतत सम्पर्क करके हितग्राहियों को ऋण एवं अनुदान का वितरण कराएं। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान भी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करें। कमिश्नर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों में इस सप्ताह 18356 प्रकरण निराकृत किए गए हैं। राजस्व विभाग ने 2121, महिला एवं बाल विकास विभाग ने 1044, स्वास्थ्य विभाग ने 2349, ऊर्जा विभाग ने 2090, खाद्य विभाग ने 1080, चिकित्सा शिक्षा विभाग ने 443 तथा पीएचई विभाग ने 1170 प्रकरणों का निराकरण किया है। शेष प्रकरणों का भी विशेष प्रयास करके निराकरण करें। मुख्य अभियंता ऊर्जा बिजली बिलों में सुधार के लिए कैम्प लगाएं। खराब ट्रांसफार्मर बदलने की नियमित समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अधीक्षण यंत्री पीएचई हैण्डपंपों के सुधार का अभियान चलाएं। हैण्डपंप सुधार तथा नलजल योजना से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के सभी प्रकरण निराकृत करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का तीन दिवस में अनिवार्य रूप से निराकरण करें। प्रभारी श्रम पदाधिकारी मजदूरों के पंजीयन की ऑनलाइन व्यवस्था सुनिश्चित करें। सप्ताह में मंगलवार और बुधवार को प्रभारी श्रम पदाधिकारी रीवा में उपस्थित रहें। क्षेत्र संचालक औद्योगिक विकास निगम रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्राप्त निवेश के प्रस्तावों का लगातार फालोअप करें। बैठक में मेडिकल कालेज के डीन डॉ सुनील अग्रवाल ने बताया कि शीघ्र ही रीवा में प्रीपेड एंबुलेंस सेवा शुरू की जा रही है। इसके लिए डॉ यत्नेश त्रिपाठी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में 20 से 29 नवम्बर की अवधि में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

स्थानांतरण प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम करें : शुक्ल

स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिये ऑनलाइन पोर्टल के प्रावधानों की समीक्षा की

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि शासकीय सेवकों की स्थानांतरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि स्थानांतरण प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप को न्यूनतम रखने के प्रावधान द्र- ।ऋस्र पोर्टल में किये जायें। पोर्टल में शासकीय सेवकों की आवश्यकताओं और शासकीय प्रावधानों के अनुरूप सभी जरूरी सुधार सुनिश्चित किए जाएं। स्थानांतरण प्रक्रिया में मानवीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जाए। रिक्तियों की अद्यतन जानकारी पोर्टल पर समय पर उपलब्ध कराई जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की स्थानांतरण प्रक्रिया के लिए e-HRMS पोर्टल के प्रावधानों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के प्रावधानों के अनुसार स्थानांतरण प्रक्रिया में विभिन्न कारणों यथा पति-पत्नी शासकीय सेवक हैं और एक ही कार्यस्थल में पदस्थापना चाहते हैं, स्वयं की गंभीर बीमारी, परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य समस्याओं या अन्य औचित्यपूर्ण कारणों के लिए प्राथमिकता सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि पोर्टल की सभी तकनीकी तैयारियां एक सप्ताह के भीतर पूर्ण की जाएं और इसे दुरुस्त रखा जाए। एमपीएसईडीसी के प्रतिनिधियों ने e-HRMS पोर्टल के प्रावधानों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी और एमपीएसईडीसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

नगरीय निकाय और पंचायत उप चुनाव के लिए अधिकारी नियुक्त

रीवा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन 2024 (उत्तरार्ध) को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए अधिकारियों की तैनाती की है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप चुनाव संबंधी विभिन्न कार्यों के संपादन के लिए प्रभारी अधिकारी, नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है। सभी अधिकारी अपने-अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन समय सीमा में सुनिश्चित करेंगे।

कृषि उत्पादन आयुक्त आज करेंगे रीवा और शहडोल संभागों की समीक्षा

रीवा। कृषि उत्पादन आयुक्त 20 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में रीवा और शहडोल संभाग के कृषि आदानों की समीक्षा करेंगे। बैठक में खरीफ फसल 2024 के लक्ष्यों की पूर्ति तथा रबी फसल की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। बैठक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की गयी है। दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर विभागीय गतिविधियों का जायजा लेगें। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, सहकारिता, कृषि अभियांत्रिकी, दुग्ध संघ, बीज निगम, विपणन संघ, कृषि उपज मंडी सहित कृषि से जुड़े विभिन्न विभागों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में रीवा और शहडोल संभाग के कमिश्नर, सभी जिलों के कलेक्टर तथा संबंधित विभागों के संभागीय एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

रीवा। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा ने जिले की सोसायटियों के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किये हैं। क्रांति बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित बिहरा रीवा के लिये उप अंकेक्षक बी.एल. कनौजी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

राजस्व महाअभियान में राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा राजस्व अमले को दिए गए

कलेक्टर ने रीठी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से किया संवाद

रीवा। शासन के निर्देशों के अनुसार जिले में 15 दिसम्बर तक राजस्व महाअभियान 3.0 संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गुढ़ तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत रीठी पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया तथा राजस्व अमले को निर्देश दिए कि महाअभियान में राजस्व संबंधी सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व महाअभियान में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार, नक्शा तरमीम आदि प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही जमीन से जुड़े अभिलेखों में सभी को आधार सीडिंग करा लेना चाहिए ताकि भूमि संबंधी फ्राड से बचा जा सके। उन्होंने आमजनों से अपेक्षा की कि नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के उपरांत नक्शा तरमीम अवश्य कराएं तथा वर्ष में एक बार अपने खसरे की नकल अवश्य लें। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अमले को निर्देशित किया कि सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लिए किसानों के केवाईसी कराएं। उन्होंने स्वामित्व योजना के पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टे जारी करने के लिए कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणजनों के बीच फौती नामांतरण के दो आवेदनों की जानकारी पटवारी द्वारा दिलवाई। उन्होंने पटवारी से गत महाअभियान में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत में उपस्थित रहकर सभी प्रकरणों का निराकरण करें तथा अभिलेखों की दुरूस्तगी का भी कार्य करें। कलेक्टर ने ग्रामीणजनों से संवाद करते हुए नशे को त्यागने तथा युवा पी?ी को इससे दूर रहने की समझाइश देने की अपेक्षा की तथा कहा कि शहर से लगी इस ग्राम पंचायत को आदर्श बनाएं तथा ग्रामीणजन समन्वय बनाकर बेहतर से बेहतर कार्य करें। अनुविभागीय अधिकारी गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी ने बताया कि रीठी ग्राम पंचायत में महाअभियान के शुभारंभ दिवस पर बी-1 का वाचन कराया जा चुका है। फौती नामांतरण के दो प्रकरण प्राप्त हुए हैं। नक्शा तरमीम के 1303 प्रकरण महाअभियान के दौरान निराकृत करा लिए जाएंगे। उन्होंने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में हितग्राहियों के पंजीयन का सत्यापन किया जा रहा है। इस अवसर पर सरपंच रामसेवक पटेल ने आश्वस्त किया कि सभी ग्रामीणजन शासन के साथ मिलकर रीठी ग्राम पंचायत को उत्कृष्ट ग्राम पंचायत बनाएंगे तथा समस्या मुक्त ग्राम पंचायत बनाकर उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने रीठी ग्राम पंचायतवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833